




आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




पेज 7 तृप्ति डिमरी की लव स्टोरी...


वर्ष : 27 | अंक : 180 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 20 जून, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8


# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे की सौगात

## हम आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बना रहे हैं : मुख्यमंत्री

### आजमगढ़ को गोरखपुर से जोड़ेगा 91.352 किलोमीटर लम्बा एक्सप्रेस-वे

### एक्सप्रेस-वे पर 2 टोल और 7 फ्लाईओवर

### 172 गांवों के किसानों से 1148.77 हेक्टेयर भूमि का किया गया अधिग्रहण



**आजमगढ़ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आजमगढ़ के फूलपुर में 91.352 किलोमीटर लंबे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण किया। इस मौके पर सीएम ने उत्तर प्रदेश के बदलते चेहरे और विकास की गति पर कई बड़ी घोषणाएं कीं। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर प्रदेश बना रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रदेशवासियों को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे की सौगात दी। इस एक्सप्रेस-वे पर दो टोल और 7 फ्लाईओवर बनाए गए हैं। यह एक्सप्रेस-वे आजमगढ़ को गोरखपुर से जोड़ेगा। एक्सप्रेस-वे के लिए 172 गांव के किसानों से 1148.77 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है।

इस मौके पर हुई जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि आजमगढ़ का नाम सुनते ही पहले लोग घबरा जाते थे। लेकिन अब आजमगढ़




पहचान का मोहताज नहीं, बल्कि विकास का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि बीते 8 वर्षों में आजमगढ़ की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब 'एक्सप्रेस-वे प्रदेश' बनता जा रहा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की कनेक्टिविटी को पटना तक बढ़ाया जाएगा, जिससे पूरे पूर्वी भारत को लाभ होगा।

सीएम योगी ने मंच से कहा कि अब किसी को नौकरी के लिए सिफारिश नहीं करनी पड़ती। बिना भेदभाव के युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। सरकार ने बिना सिफारिश के पारदर्शिता तरीके से हाल ही में 66 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों की भर्ती की है। अब रोजगार और नौकरी के लिए बाहर जाना नहीं पड़ेगा। साथ ही उन्होंने बेटी और व्यापारी वर्ग की सुरक्षा का भरोसा देते हुए कहा कि हमारी सरकार सबकी सुरक्षा की गारंटी देती है।

सीएम ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि वो लोग डी कंपनी और अंडरवर्ल्ड से सांठगांठ करते थे। अब वही लोग प्रदेश को जाति और क्षेत्रवाद में बांटना चाहते हैं।उन्होंने जनता से ऐसे लोगों से सावधान रहने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने मथुरा-वृंदावन में चल रहे विकास कार्यों का ज़िक्र करते हुए कहा कि हम उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को संजोकर आगे बढ़ा रहे हैं। यूपी को समृद्ध बनने से अब कोई नहीं रोक सकता। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दुकानों के शटर तोड़ने वाले बदमाशों से मुठभेड़



**नोएडा ( चेतना मंच )।** रेकी करने के बाद दुकानों के शटर तोड़कर चोरी करने की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। इनके पास से बीते दिनों दुकान का शटर तोड़कर चोरी किए गए 90 हजार रुपए, तमंचा कारतूस चाकू व एक ऑटो बरामद हुआ है।

सेंट्रल जोन के एडीसीपी ने बताया कि थाना सेक्टर-63 प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इस दौरान संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने एफएनजी सर्विस रोड के पास एक ऑटो में सवार चार युवकों को (शेष पृष्ठ-3 पर)

## लखनावली में बिल्डर ने किया 30 करोड़ का निवेश, दबंग पार्टनर ने किया कब्जा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के लखनावली गांव में फ्लैट बनाकर बेचने के लिए एक बिल्डर ने 30 करोड रुपए का इन्वेस्ट किया। शाहबेरी कांड व कोरोना के कारण साइट पर निर्माण कार्य रुक गया। जब स्थिति सामान्य हुई तो बिल्डर को पता चला कि उसके प्रोजेक्ट पर लखनावली गांव के उसके दबंग पार्टनर ने कब्जा कर लिया है और साइट पर मौजूद मशीन बिल्डिंग मटेरियल में जनरेटर आदि को भी बेच दिया है।

जेपी ग्रीन्स ग्रेटर नोएडा में रहने वाले सैयद अराफात अहमद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके एक परिचित रणवीर सिंह के माध्यम से उसकी लखनावली गांव निवासी यादराम से मुलाकात हुई। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच तय हुआ कि यादराम की भूमि पर फ्लैट बनाकर उन्हें बेचा जाएगा। इस प्रोजेक्ट में दोनों पक्षों के बीच 60 और 40 प्रतिशत लाभ तय हुआ। प्रोजेक्ट के लिए एक कंपनी अनाबिया इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड का गठन वर्ष 2015 में किया गया। सैयद अराफात अहमद के मुताबिक इस प्रोजेक्ट में जमीन यादराम की थी और निर्माण कार्य में पैसा उसे लगाना था। इसके लिए बाकायदा दोनों के बीच एग्रीमेंट साइन हुआ। एग्रीमेंट के तहत उसने प्रोजेक्ट में लगभग 30 करोड रुपए का इन्वेस्टमेंट किया। कार्य शुरू होने के कुछ समय बाद कोरोना की वजह से सरकार द्वारा सभी कार्य रोक दिए गए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## फुटओवर ब्रिज की लिफ्ट में फंसे लोग



**नोएडा ( चेतना मंच )।** शहर में लिफ्ट फंसने की घटनाएं थम नहीं रही हैं। आज सुबह सेक्टर-142 में फुटओवर ब्रिज पर (शेष पृष्ठ-3 पर)

## वैभव कुमार बने डिप्टी कमिश्नर रजिस्ट्रार चिट एंड फंडस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** वैभव कुमार को जनपद गौतमबुद्धनगर तथा गाजियाबाद का डिप्टी रजिस्टार (सोसाइटीज चिट एंड फंडस) बनाया गया है। वे फिरोजाबाद में वरिष्ठ ट्रेजरार के पद पर कार्यरत थे। जबकि इस पद पर गाजियाबाद में तैनात डिप्टी रजिस्टार ऋषभ अग्रवाल का तबादला प्रयागराज स्थित बेसिक शिक्षा परिषद में वरिष्ठ फाइनेंस व एकाउंट ऑफिसर के पद पर हुआ है। नये डिप्टी रजिस्टार वैभव कुमार ने आज पद भार संभाल लिया है। मालूम हो कि पिछले वर्ष जून में ऋषभ अग्रवाल ने गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद जिले में डिप्टी रजिस्टार का पदभार ग्रहण किया था।

## बेटी से मोबाइल पर बात करने पर पीटा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर में तीन युवकों के खिलाफ मारपीट व नुकीले हथियार से हमला करके घायल करने का आरोप में मामला दर्ज कराया गया है। हमले में नामजद एक आरोपी पीड़ित की बेटी से मोबाइल फोन पर बात करता था। तिलपता गांव निवासी प्रिया (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मोनू नाम का युवक उनकी भतीजी से मोबाइल फोन पर बात करता था। इस बात की जानकारी मिलने पर उसके भाई ने मोनू को बातचीत के लिए बुलाया था। बातचीत के दौरान मोनू उसके साथी दीपू और लल्लू ने उसके भाई के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने नुकीले हथियार से वारकर उसे घायल कर दिया और फरार हो गए। घायल अवस्था में उसके भाई को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में ताबड़तोड़ एनकाउंटर

***नोएडा ( चेतना मंच )।*** *गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट और गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में ताबड़तोड़ एनकाउंटर कर बदमाशों की कमर तोड़ने का काम किया गया है। ग्रेटर नोएडा में आज सुबह ईनामी गौकश मुठभेड़ में घायल हो गया। जबकि गाजियाबाद में 8 लाख रूपये की लूट के मामले में गाजियाबाद पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।*

### ग्रेटर नोएडा में ईनामी गौकश मुठभेड़ में लंगड़ा



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** गौकशी के मामले में वांछित चल रहे 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश को थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से गौकश घायल हो गया। इसके पास से तमंचा कारतूस व अर्टिगा कार बरामद हुई है। ग्रेटर नोएडा जोन के एडीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने आज सुबह चेकिंग के दौरान सेक्टर-148 के पुश्ते पर एक अर्टिगा कार को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर कार सवार ने भागने का प्रयास किया। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने उसका पीछा किया और उसे घेर लिया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### कविनगर में 8 लाख की लूट में शामिल बदमाशों से मुठभेड़



**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** थाना कविनगर में पुलिस ने 16 जून को 8 लाख 15 हजार रूपयों की लूट में शामिल 5 बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस ने सिकरोड़ रोड़ पर चेकिंग के दौरान दो बाइको पर कुछ व्यक्ति जिनमें एक बाइक पर 2 व्यक्ति सवार थे तथा दूसरी बाइक पर 3 व्यक्ति सवार थे। इनको रोकने का प्रयास किया गया (शेष पृष्ठ-3 पर)

## जमानत पर बाहर आते ही किशोरी का अपहरण

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** नाबालिक किशोरी के अपहरण में जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद आरोपी दोबारा किशोरी को जबरदस्ती डरा धमका कर उठाकर ले गया। किशोरी के पिता ने थाना बादलपुर में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बादलपुर क्षेत्र में रहने वाले राकेश (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि रूनी यादव नाम का युवक उनकी (16 वर्षीय) बेटी का पूर्व में अपहरण कर ले गया था। इस संबंध में उसने थाना बादलपुर में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी रोनी यादव को गिरफ्तार कर लिया था और उसकी बेटी को बरामद कर न्यायालय के निर्देश पर उसके सुपुर्द कर दिया था। राकेश के मुताबिक इस मामले में रोनी यादव को न्यायालय से जमानत मिल गई थी। जमानत मिलने के बाद रोनी यादव बीते सितंबर माह में दोबारा उसकी बेटी का जबरन अपहरण कर अपने साथ ले गया। उस दौरान वह और उसकी पत्नी घर से (शेष पृष्ठ-3 पर)



## नोएडा-गाजियाबाद का लाइफलाइन साबित होगा स्काईवॉक!

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-62 में बनने वाला स्काईवॉक नोएडा तथा गाजियाबाद के यातायात का लाइफ लाइन साबित होगा। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि इस स्काईवॉक की डिजाइन फाइनल कर दी गई है।



यह स्काईवॉक 530 मीटर लंबा और 4 मीटर चौड़ा होगा। यह स्काईवॉक, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर खोड़ा कॉलोनी की तरफ बने एफओबी को जोड़ते हुए बनाया जाएगा। इसके बाद जीरो के आकार में बनाते हुए छिजारसी की तरफ बनेगा। मॉडल टाउन गोलचक्कर के चारों तरफ जीरो आकार में बनेगा।

आने वाले समय में यहां पर भी दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे को जोड़ते हुए नया एफओबी बनाया जाएगा। ये एफओबी सीधे तौर पर नोएडा और गाजियाबाद को जोड़ेगा। जिससे रोजाना करीब 60 हजार से ज्यादा लोगों को फायदा होगा। जो गाजियाबाद की तरफ से नोएडा आते है। हालांकि इनकी संख्या ज्यादा है। ये लोग नोएडा और गाजियाबाद में जॉब करते है।

इस स्काईवॉक को बनाने में करीब 40 करोड़ रुपये की लागत आएगी। (शेष पृष्ठ-3 पर)






# योग दिवस की तैयारी पूरी, प्रभारी मंत्री रहेंगे मौजूद

**नोएडा ( चेतना मंच )।** कल नोएडा स्टेडियम में योग दिवस को लेकर तैयारी पूरी हो गई है। कल सुबह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले योगासन के मौके पर प्रमुख अतिथि के तौर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह मौजूद रहेंगे। इसके अलावा सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा, नोएडा के विधायक पंकज सिंह, भाजपा के महानगर अध्यक्ष महेश चौहान तथा पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी योग करेंगे।

भाजपा अध्यक्ष महेश चौहान ने बताया कि योग दिवस पर विभिन्न संगठनों एनईए, फोनरवा, विभिन्न आरडब्ल्यूए, डीडीआरडब्ल्यूए समेत कई संगठनों के पदाधिकारी व हजारों लोग योग करेंगे।

भाजपा के आगामी कार्यक्रमों के संबंध में सेक्टर-116 पार्टी कार्यालय में एक बैठक हुई। जिसमें योग दिवस के अलावा पार्टी की नोएडा प्रभारी श्रीमती कांता कर्दम ने कई कार्यक्रमों की जानकारी दी।




कांता कर्दन ने बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व में मनाया जाएगा इसी के चलते नोएडा में भी नोएडा स्टेडियम में इसका आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 23 जून को बलिदान दिवस कार्यक्रम को मनाने मनाया जाएगा, 25 जून को आपातकाल दिवस के चलते जिला गोष्ठी का आयोजन किया जाए और 29 जून को मन की बात कार्यक्रम का आयोजन हर बूथ पर आयोजित किया जाए। 6 जुलाई को श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने पिछले मन की बात कार्यक्रम में *एक पेड़ मां के नाम* के बारे में बताया था उसकी को आगे ले जाते हुए इस पूरे महीने पौधारोपण अभियान पूरे नोएडा में चलाया जाएगा।

बैठक में पूर्व विधायक बिमला बाथम, चंदगीराम यादव, उमेश त्यागी, मनीष शर्मा, युधवीर चौहान, विनोद शर्मा, सुचित्रा कक्कड़, हर्ष चतुर्वेदी, गणेश जाटव, चमन अवाना, धर्मेंद्र गुप्ता, तन्मय शंकर, अमित त्यागी, डिंपल आनंद, ओमवीर अवाना, एस पी चमोली, प्रमोद बहल, भूपेश चौधरी, मनोज चौहान, गोतम शर्मा, नीरज चौधरी, प्रदीप चौहान, मनीष तिवारी, राम किशन यादव, नरेश शर्मा, सत्यनारायण माहवार, दीनबंधु कुमार, पूनम सिंह, प्रज्ञा पाठक, राहुल शर्मा, पंकज झा, अशोक मिश्रा, अरुण चौहान, रवि यादव, शिवांश श्रीवास्तव, मल्लिकेश्वर झा, उमेश यादव, सुशील शर्मा, मुक्तानंद शर्मा, घनशयाम यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## अमेरिकी नीतियां

यह ध्रुव सत्य है कि अमेरिका की तमाम रीतियां व नीतियां अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही खत्म हो जाती हैं। जहां उसे अपने आर्थिक व सामरिक हित नजर आते हैं, वहीं उसकी सभी रीति-नीतियां ठहर जाती हैं। दशकों से आतंक की पाठशाला चला रहे पाकिस्तान को आंतकवाद के खिलाफ कथित साझेदारी के लिये उपकृत करने वाले अमेरिका के मंसूबों को समझा जा सकता है। विडंबना यह है कि पिछले एक महीने से भी ज्यादा समय से अमेरिका राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ऑप्रेशन सिंदूर के दौरान भारत और पाकिस्तान को कथित रूप से युद्ध विराम के लिये सहमत कराने के लिये खुद की ही पीठ थपथपा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि उन्होंने दस मई को अमेरिका की मध्यस्थता में देर रात तक बातचीत के दावे के बाद कथित रूप से पूर्ण और तत्काल युद्ध विराम की घोषणा करके दुनिया को चौंका दिया था। पल-पल अपना रुख बदलने के लिये कुख्यात ट्रंप इस विवादास्पद मामले पर अपनी बात मनवाने पर अड़े हुए हैं। मगर बार-बार उनके द्वारा दोहराए जाने वाले दावे भारत की परेशानी का सबब बन रहे हैं। भारत ने ऐतिहासिक रूप से द्विपक्षीय विवादों को तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप से दूर रखा है। अब, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिकॉर्ड को सही करने का प्रयास किया है, और वह भी खुद अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि भारत ने इस्लामाबाद के अनुरोध पर ऑप्रेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ हमलों को रोक दिया था, न कि मध्यस्थता या अमेरिका द्वारा किसी व्यापार सौदे की किसी पेशकश के कारण। यह दावा डोनाल्ड ट्रंप के उस प्रचार को सिरे से खारिज करता है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को समझाने के लिये व्यापार कार्ड का इस्तेमाल किया था। लेकिन इसके बावजूद बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री की सीधी बात ट्रंप को समझ आएगी? क्या ये बातचीत ट्रंप को भारत व पाक मामलों में हस्तक्षेप करने से रोके पाएगी? लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हालिया कारगुजारियों से तो ऐसा होता नजर नहीं आता। पहले बात अमेरिका को स्पष्ट समझा दी जानी चाहिए कि वह भारत व पाक को एक तराजू में तोलने की भूल न करे। हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान जिस तरह ट्रंप प्रशासन ने विवादास्पद पाकिस्तान सेना प्रमुख असीम मुनीर को तरजीह दी, उसका कोई तार्किक आधार नजर नहीं आता। बल्कि अमेरिकी राष्टपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की लंच पर मेजबानी करके नवीनतम भड़काऊ कदम ही उठाया है। उसे देखते हुए यह संभावना असंभव ही लगती है कि ट्रंप दोनों देशों के मामलों में हस्तक्षेप करने से बाज आएंगे। यह वही मुनीर आलम है जिन्होंने पहलगाम आतंकी हमले से बमुश्किल एक सप्ताह पूर्व कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया था। इसके अलावा उन्होंने संकीर्ण सांप्रदायिक टिप्पणियां भी की थी। यह बात अतार्किक ही लगती है कि अमेरिका पाक को अपने साथ आतंकवाद विरोधी साझेदारी को मजबूत करने में उनकी भूमिका के लिये पुरस्कृत कर रहा है। दोनों देशों के बीच पक रही यह खिचड़ी भारतीय कूटनीति के लिये एक बड़ी चुनौती कही जा सकती है। मोदी सरकार को पाकिस्तान को खुले समर्थन को लेकर अमेरिका का सामना करने के पक्ष और विपक्ष के हमलों का मुकाबला करना होगा। निश्चित रूप से दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित भारत इस स्थिति को हल्के में नहीं ले सकता। भारत को पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीयकरण के प्रयासों को विफल करने के लिये हर संभव प्रयास करने होंगे। अब चाहे अमेरिका को ये पसंद आए, चाहे न आये। भारत के लिये यह कूटनीतिक चुनौती है और देशकाल परिस्थितियों के अनुरूप भारत को अपनी रीतियों-नीतियों को नए सिरे से निर्धारित करना चाहिए। यह जानते हुए कि हमारा दशकों से विश्वसनीय साथी व महाशक्ति रहा रूस आज उतनी मजबूत स्थिति में नहीं है। लंबे खिंच रहे यूक्रेन संघर्ष ने रूस की अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक जगत में कभी मजबूत रही स्थिति को कमजोर ही किया है। ऐसे में भारत को बदलते परिदृश्य में कूटनीति को नये सिरे से परिभाषित करना होगा।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जैसी नागकुल के रहने की ( पाताल लोक में ) भोगावती पुरी है और इन्द्र के रहने की ( स्वर्गलोक में ) अमरावती पुरी है, उनसे भी अधिक सुंदर और बाँका वह दुर्ग था। जगत में उसका नाम लंका प्रसिद्ध हुआ॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-खाईं सिंधु गभीर अति चारिहुँ दिसि फिरि आव।**
**कनक कोट मनि खचित दृढ़ बरनि न जाइ बनाव॥**

उसे चारों ओर से समुद्र की अत्यन्त गहरी खाई घेरे हुए है। उस (दुर्ग) के मणियों से जड़ा हुआ सोने का मजबूत परकोटा है, जिसकी कारीगरी का वर्णन नहीं किया जा सकता॥

**हरि प्रेरित जेहिं कलप जोइ जातुधानपति होइ।**
**सूर प्रतापी अतुलबल दल समेत बस सोइ॥**

भगवान की प्रेरणा से जिस कल्प में जो राक्षसों का राजा (रावण) होता है, वही शूर, प्रतापी, अतुलित बलवान अपनी सेना सहित उस पुरी में बसता है॥

**रहे तहाँ निसिचर भट भारे। ते सब सुरन्ह समर संघारे॥**
**अब तहँ रहहिं सक्र के प्रेरे। रच्छक कोटि जच्छपति केरे॥**

(पहले) वहाँ बड़े-बड़े योद्धा राक्षस रहते थे। देवताओं ने उन सबको युद्द में मार डाला। अब इंद्र की प्रेरणा से वहाँ कुबेर के एक करोड़ रक्षक (यक्ष लोग) रहते हैं॥

( क्रमशः... )

# धर्म का एक दशक : मोदी युग में सांस्कृतिक पुनर्जागरण

जनवरी 2024 में, जब पावन नगरी अयोध्या में सूर्योदय हुआ। सदियों से लुप्त हो चुकी प्रार्थना अब आखिरकार गुंजायमान होने लगी थी। श्री राम की अपने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महज एक धार्मिक उपलब्धि नहीं थी। यह सभ्यता के उद्धार का क्षण था। सदियों के आक्रमण, औपनिवेशिक विकृति और राजनीतिक देरी के बाद, मंत्रों से गूंजता हुआ और इतिहास के स्पंदन सहित, बलुआ पत्थर में उकेरा गया यह मंदिर शान से खड़ा था। यह सिर्फ वास्तुकला के बारे में नहीं था, यह एक घायल आत्मा के उपचार के बारे में था। श्री राम की अपनी जन्मभूमि पर वापसी ने उस राष्ट्र की आस्था को फिर से जागृत कर दिया, जिसने लंबे समय तक अपने दिल में निर्वासन की खामोशी को समेटे रखा था।

कुछ महीने पहले, भारत की प्राचीन आस्था का एक और प्रतीक चुपचाप अपने सही स्थान पर लौट आया। नई संसद के उद्घाटन के दौरान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेंगोल को स्थापित किया। यह एक पवित्र राजदंड है, जिसे 1947 में तमिल अधीनमों ने सत्ता के धार्मिक हस्तांतरण को चिह्नित करने के लिए जवाहरलाल नेहरू को भेंट किया था। दशकों से, इसे भुला दिया गया था, समुचित स्थान से वंचित किया गया, और एक प्रचलित राजदंड के तौर पर खारिज कर दिया गया था। इसकी स्थापना केवल स्मरण का कार्य नहीं था - यह एक शक्तिशाली घोषणा थी कि भारत अब खुद को उधार की आंखों से नहीं देखेगा। सेंगोल ने साम्राज्य के अवशेषों का नहीं, बल्कि धार्मिकता पर आधारित शासन का प्रतिनिधित्व किया। यह भारत की अपनी राज्य कला और आध्यात्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण आलिंगन था, जिसे उपनिवेशवाद के बाद के क्रम में लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया था।

इतना ही नहीं, इन क्षणों ने एक गहरे सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संकेत दिया। यह एक सभ्यतागत गतिविधि के तौर पर ग्यारह परिवर्तनकारी वर्षों में सामने आएगी।

2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है। योग केवल एक स्वास्थ्य संबंधी दिनचर्या भर नहीं है, बल्कि यह पिछले कुछ वर्षों में भारत का सबसे बड़ा सांस्कृतिक निर्यात भी बन गया है।

आयुष मंत्रालय के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के पुनरुद्धार को संस्थागत बल दिया गया। इसके परिणामस्वरूप आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी को राष्ट्रीय और वैश्विक मंचों पर पहुंचने में मदद मिली। समानांतर रूप से, सरकार ने संस्कृत, तमिल, पाली और प्राकृत जैसी शास्त्रीय भाषाओं को संरक्षित करने, पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने और उस्ताद एवं हमारी धरोहर जैसी योजनाओं के तहत लुप्तप्राय



**2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है।**

लोक कलाओं और शिल्पों का समर्थन करने के लिए मिशन शुरू किए।

भारत की ऐतिहासिकों इमारतों में भी नई जान आ गई। 2018 में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का अनावरण केवल व्यापकता के बारे में नहीं था, बल्कि एक गाथा को पुनः प्रतिष्ठित करने जैसा था। सरदार वल्लभभाई पटेल लंबे समय से ओझल हो रहे थे। उनको राष्ट्रीय स्मृति में सबसे आगे रखा गया। राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करना एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक था। यह औपनिवेशिक प्रतीकवाद से देशी जवाबदेही की ओर बदलाव का भी प्रतीक था।

तमिलनाडु के महाबलीपुरम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति श्री शी जिनपिंग के बीच 2019 की अनौपचारिक शिखर वार्ता की तुलना में शायद कोई भी कूटनीतिक वार्ता इस बदलाव को बेहतर तरीके से नहीं दर्शाती है। दिल्ली के गलियारों से दूर, प्राचीन बंदरगाह का नगर, जो कभी पल्लव राजवंश और भारत-चीनी समुद्री संबंधों का एक संपन्न केंद्र होने के साथ-साथ दो सभ्यताओं के बीच वार्ता की पृष्ठभूमि बन गया। जब नेता चट्टानों को काटकर बनाए गए मंदिरों और पत्थर के रथों के बीच चले, तो भारत ने न केवल भूगोल, बल्कि इतिहास और न केवल प्रोटोकॉल, बल्कि विरासत को भी प्रस्तुत किया। यह अपने सबसे सूक्ष्म और सबसे मजबूत रूप में सॉफ्ट पावर था। यह सांस्कृतिक लोकाचार अन्य तरीकों से भी भारत की वैश्विक कूटनीति में प्रवाहित हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व के नेताओं को राजकीय उपहार के तौर पर पट्टचित्र पेंटिंग से लेकर बच्चों के लिए लाख के खिलौने भेंट किए गए, जो अपने साथ भारत के कारीगरों और कालातीत परंपराओं के संदेश लेकर गए।

2023 में जी-20 की अध्यक्षता एक और सांस्कृतिक उपलब्धि साबित हुई। दिल्ली के डिप्लोमेटिक हॉल तक सीमित न रहकर, यह शिखर सम्मेलन सांस्कृतिक पहचान का अखिल भारतीय उत्सव बन गया। आदिवासी कला प्रदर्शनों से लेकर शास्त्रीय प्रदर्शनों तक, भारत ने न केवल अपनी नीतिगत गहराई, बल्कि अपनी आत्मा का भी प्रदर्शन किया। हर प्रतिनिधिमंडल भारत के रंगों, व्यंजनों, शिल्प और चेतना में डूबा हुआ था। संदेश स्पष्ट था: भारत भूतकाल की सभ्यता नहीं है - यह जीवंत, सशक्त और आत्मविश्वास से परिपूर्ण वैश्विक सभ्यता है।

इन वर्षों के दौरान, 600 से अधिक चोरी की गई कलाकृतियां विदेशी संग्रहालयों और संग्रहकर्ताओं से वापस लाई गईं, जिनमें मूर्तियां, शिलालेख और पांडुलिपियां शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक की वापसी न केवल कला की बल्कि सम्मान की बहाली थी। इसी तरह, गुरु गोविंद सिंह के वीर शहजादों की शहादत को याद करने के लिए वीर बाल दिवस की स्थापना की गई, जबकि जनजातीय गौरव दिवस ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्रीय केन्द्र में लाया।

महामारी भी सांस्कृतिक लौ को मद्धिम नहीं कर पाई। वर्चुअल कॉन्सर्ट, डिजिटल म्यूजियम टूर और मन की बात के माध्यम से, प्रधानमंत्री ने सुनिश्चित किया कि कला, कहानियां और सांस्कृतिक गौरव लॉकडाउन के एकांत में भी पुष्पित-पल्लवित होते रहें।

विकास भी, विरासत भी के नारे जैसे अभियान में ये सभी समाहित हो गए। यह एक आह्वान है जो आर्थिक विकास को सांस्कृतिक गौरव के साथ-साथ चलने पर जोर देता है। मोदी सरकार के तहत, यह नारा केवल बयानबाजी नहीं था। इसने एक नई दृष्टि को परिभाषित किया। एक दृष्टि, जिसमें जीडीपी वृद्धि, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और रक्षा आधुनिकीकरण, मंदिर जीर्णोद्धार, आदिवासी गौरव और सभ्यता की गाथा समाहित थे।

भारत आज अपनी पहचान के इर्द-गिर्द नहीं घूमता। बिना किसी पछतावें और आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर यह आगे बढ़ता है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद प्रगति की बाध्यकारी शक्ति के रूप में उभरा है, जिसे कभी प्रतिगामी के रूप में खारिज कर दिया गया था। भाजपा के वैचारिक कम्पास में, संस्कृति केवल एक सहायक भर नहीं है, बल्कि धुरी है।

इन ग्यारह सालों में मोदी युग ने केवल सांस्कृतिक नीति को ही ध्यान में नहीं रखा है, बल्कि इसने सांस्कृतिक चेतना को भी जागृत किया है। जो पुनर्स्थापना के तौर पर शुरू हुआ था, वह पुनरुत्थान बन गया। जिन्हें कभी अतीत की स्मृतियों के तौर पर उपेक्षित किया जाता था, वे सभी अब राष्ट्रीय पहचान के केंद्र बन गए हैं।

राम मंदिर और सेंगोल हमेशा सांकेतिक प्रतीक बने रहेंगे, लेकिन विरासत की गहराई सामूहिक अहसास में निहित है। भारत का भविष्य तब सबसे उज्ज्वल होगा, जब वह याद रखेगा कि वह कहां से आया है। हम सिर्फ एक लंबा इतिहास वाला देश नहीं हैं, बल्कि हम एक लंबी स्मृति वाली जीवित सभ्यता हैं। और उस स्मृति में, धर्म की निगरानी में, भारत ने फिर से अपनी आवाज पाई है।

**- गजेन्द्र सिंह शेखावत,**
**केंद्रीय संस्कृति एवं**
**पर्यटन मंत्री, भारत सरकार**

## एफएटीएफ के निशाने पर है पाक का आतंकवाद

विश्व में मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण पर नजर रखने वाली संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) ने भले ही अभी पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में नहीं डाला है, लेकिन उसने अंततः 22 अप्रैल को पहलगाम की क्रूर आतंकवादी हमले की निंदा की है। ऐसा करते हुए एफएटीएफ ने भारत की तार्किक दलील पर ही मोहर लगायी है जो भारत की इस विषयक सफलता को द्योतक हैं। एफएटीएफ ने दो टूक शब्दों में कह दिया है कि 'ऐसे घटनाक्रम बिना पैसे और आतंकवादियों के समर्थकों के बीच फंडों के स्थानांतरित करने के बगैर नहीं हो सकते।' आखिरकार भारत की यह चिर-प्रतीक्षित मांग कि पाक को आतंकवाद के पोषण के लिये कटघरे में खड़ा किया जाए, इस मांग के सफलता की सीढ़ियां चढ़ने का ही संकेत हैं। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद विश्व जनमत को पाकिस्तान की हकीकत बताने के जो सार्थक प्रयास किए थे, भारत के सांसदों एवं अफसरों के प्रतिनिधिमण्डल को पाक को बेनकाब करने के लिये विश्व के प्रमुख देशों में भेजा, वे फलीभूत होते नजर आ रहे हैं।

एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में किसी देश को तब तक निगरानी में रखा जाता है, जब तक कि वह अपनी वित्तीय प्रणाली में पहचानी गई खामियों, त्रुटियों, विसंगतियों को ठीक नहीं कर लेता। पाकिस्तान निरंतर आतंकवाद को पोषण एवं प्रोत्साहन देने के लिये 2022 तक ग्रे लिस्ट में था, उसी वर्ष उसे ग्रे लिस्ट से हटाया गया, बावजूद पाकिस्तान ने कोई सुधार नहीं किया है और आतंकवादियों को न सिर्फ सुरक्षित पनाहगाह उपलब्ध करा रहा है, बल्कि आतंकवाद के वित्तपोषण जैसे आपराधिक कामों में भी खुद को शामिल करते हुए आतंकवाद की प्रयोगशाला बना हुआ है। एफएटीएफ ने फरवरी 2019 में पुलवामा आत्मघाती हमले की भी निंदा करते हुए ऐसे ही कठोर शब्दों का उपयोग किया था। लेकिन इस बार का अंतर यह है कि एफएटीएफ ने घोषणा की है कि 'राज्य प्रायोजित आतंकवाद' इसकी आगामी रिपोर्ट में आतंकवाद के वित्तपोषण मामलों की जांच का हिस्सा होगा। दरअसल, पहलगाम नरसंहार के बाद भारत लगातार पाक को फिर से एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालने की मांग करता रहा है। जो पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय ऋणों तक पहुंच को गंभीर रूप से सीमित कर देगा।

दरअसल, पाकिस्तान गढ़े हुए तर्कों के आधार पर इस निगरानी संगठन एफएटीएफ को मनाने में आंशिक रूप से सफल रहा था कि वह धन शोधन और आतंकवाद वित्तपोषण से निपटने के लिये अपने सिस्टम में सुधार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रबल विरोध के बावजूद इस्लामाबाद ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ से एक अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज हासिल करने में कामयाबी हासिल कर ली थी। हालांकि, इस बेलआउट पैकेज के साथ कई कड़ी शर्तों का सामना भी पाक को करना पड़ेगा। यूं भी यह अन्तर्राष्ट्रीय धन का गलत एवं अतिश्योक्तिपूर्ण इस्तेमाल देरसबेर विश्व के सामने आयेगा। भारत दुनिया के देशों को यह बताने और समझाने में कामयाब रहा है कि पाक न केवल आतंकवाद का समर्थन करता है, बल्कि वह आतंकवाद का पोषक भी है और वह आतंकवाद के लिए फंडिंग भी करता है। इस तरह इसे भारत की कूटनीतिक विजय कहा जा सकता है। क्योंकि एफएटीएफ का इतना बोल्ड बयान पाकिस्तान के मुंह पर तमाचा है। एफएटीएफ की ओर से जारी आधिकारिक बयान की गहराई को समझने की जरूरत है, कि आतंकवादी हमले दुनिया भर में लोगों की जान लेते हैं, उन्हें अपंग बनाते हैं और भय पैदा करते हैं। यानि एफएटीएफ ने यह मान लिया है कि पहलगाम हमला आतंकवादी वित्त पोषण के कारण ही अमल में आया। एफएटीएफ का यह बयान भारत के लिए बहुत अहम है। ध्यान रहे कि एफएटीएफ, जी-7 देशों की ओर से स्थापित एक स्वतंत्र संस्था है, जो देशों की वित्तीय नीतियों का मूल्यांकन करती है। गौरतलब है कि वर्तमान में एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में 24 देशों का नाम है, जो धन शोधन, आतंकवादी वित्तपोषण और प्रसार वित्त पोषण के लिए निगरानी में हैं।

यहां यह उल्लेखनीय एवं ध्यान देने वाली बात है कि पाक को कई बार एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जा चुका है। इसे पहली बार 2008 में ग्रे लिस्ट में डाला गया था, लेकिन बाद में 2010 में इसे हटा लिया गया। इसके बाद, 2012 में पाक को फिर से इस लिस्ट में डाला गया और 2015 में इसे दुबारा हटा दिया गया। इसके बाद, पाक को जून 2018 में फिर से ग्रे लिस्ट में डाला गया था और अक्टूबर 2022 में इसे हटा लिया गया। लेकिन यह कुत्ते की ऐसी दूम है जिसे कितने की कड़े प्रावधानों में रखा जाये, यह टेढ़ी की टेढ़ी ही रहती है। उल्लेखनीय है कि एफएटीएफ ने वैश्विक नेटवर्क में 200 से अधिक क्षेत्रों के मूल्यांकन में योगदान देने वाले विशेषज्ञों का समर्थन करने के लिए आतंकवादी वित्तपोषण जोखिम पर मार्गदर्शन विकसित किया है। अहम बात यह है कि एफएटीएफ के सख्त एवं कठोर व्यवहार के बाद अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के यह समझ में आने लगा है कि पाकिस्तान एक असुरक्षित एवं आतंकवादी पोषक गंतव्य बनता जा रहा है। ऐसे में एफएटीएफ के दबाव और आर्थिक प्रतिबंधों की संभावना के कारण पाक की पहले से ही डांवाडोल अर्थव्यवस्था को और झटका लग सकता है।


जी-7 शिखर बैठक 15 से 17 जून 2025 तक कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के कनानास्किस में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की मेज़बानी में हो रही है। इसमें जी-7 देशों के प्रमुखों के अलावा, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूक्रेन के राष्टपति वोलोडिमीर ज़ेलेंस्की, दक्षिण अफ्रीका के राष्टपति सिरिल रामाफोसा और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ जैसे नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बैठक के दौरान जी-7 के सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों को पाक का सच और ऑपरेशन सिंधूर की सफलता के बारे में बताते हुए आतंकवाद के विरोध में संगठित होने के लिये वातावरण बना रहे हैं। भारत ने एफएटीएफ के बयान का स्वागत करते हुए कहा भी है कि यह वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रुख की पुष्टि करता है। सुरक्षा विशेषज्ञों ने भी एफएटीएफ की चेतावनी को गंभीर बताते हुए कहा कि यह पाक के लिए एक और बड़ा झटका है, जिससे उसकी वैश्विक छवि और कमजोर हो सकती है। गौरतलब है कि भारतीय अधिकारियों ने पिछले महीने पेरिस और वॉशिंगटन में एफएटीएफ प्रतिनिधियों से बैठक कर पाक के खिलाफ नई कार्रवाई की मांग की थी।

भारत ने दुनिया को बताया कि कैसे पाक आतंकवाद की पाठशालाओं को स्वास्थ्य केंद्रों या स्कूलों के रूप में छिपा रहा था। पाक का मकसद था कि इससे दुनिया को आतंकवाद के प्रशिक्षण केंद्रों का पता नहीं चलेगा और वह वैश्विक संगठनों की सजा से बच जाएगा। दरअसल, पाक हुकमरान हमेशा से खुद को आतंकवाद से पीड़ित बताकर अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी से मदद हासिल करने की फिराक में रहते हैं।


**- ललित गर्ग**

# राशिफल


**आषाढ़ माह कृष्ण पक्ष नवमी** | **(विक्रम संवत् 2082)**




**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
मानसिक परेशानी बनी रहेगी। खर्च की अधिकता और अनाप-शनाप खर्च। अज्ञात भय सताएगा। सिरदर्द, नेत्रपीड़ा बना रहेगा।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। विवादास्पद समाचार की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम।




**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
सरकारी तंत्र में आपका जादू नहीं चलने वाला है। कोर्ट-कचहरी से बचें। व्यापारिक स्थिति मध्यम रहेगी।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। मान-सम्मान में ठेस पहुंच सकती है। कार्यों में विघ्न-बाधा रहेगी।




**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। थोड़ा बचकर पार करें। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
नौकरी चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। उदर रोग से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ और स्वास्थ्य पर ध्यान दें।




**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
शत्रुओं पर दबदबा कायम रहेगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी है।




**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
मानसिक स्वास्थ्य गड़बड़ दिख रहा है। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू तू मैं मैं से बचें। स्वास्थ्य ठीक ठाक।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
सीने में विकार संभव है। भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी में परेशानी का सामना करना पड़ेगा।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
नाक, कान व गला की परेशानी हो सकती है। व्यापारिक स्थिति थोड़ी कमजोर रहेगी। कोई नई शुरुआत न करें।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
धन हानि के संकेत हैं। बचकर पार करें। जुआ, सट्टा व लॉटरी में पैसे न लगाएं। कोई रिस्क न लें।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य प्रभावित रहेगा। प्रेम-संतान भी मध्यम रहेगा। व्यापार लगभग ठीक है।

# हिमाचल चैंपियनशिप में नोएडा के रितिक यादव ने जीता गोल्ड



**नोएडा ( चेतना मंच )।** हिमाचल प्रदेश में आयोजित कुश्ती चैंपियनशिप में गौतमबुद्ध नगर के नोएडा क्षेत्र के ग्राम बहलोलपुर निवासी रितिक यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ी कुश्ती के फाइनल मुकाबले में अपने प्रतिद्वंदी रवि रोमी को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रितिक कालू पहलवान अखाड़े के प्रशिक्षु हैं और वर्तमान में रबूपुरा के राजकीय कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई कर रहे हैं। उनकी उम्र अभी 20 वर्ष से कम है। रितिक के दादा बिरमा यादव और पिता शर्मा यादव, दोनों ही किसान रहे हैं।

भारतीय किसान यूनियन (अजगर) ने जिले के तीनों प्राधिकरणों और जिला प्रशासन से मांग की है कि रितिक यादव को जिले के भीतर खेल क्षेत्र में उपयुक्त सरकारी नौकरी दी जाए। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी प्रतिभाएं प्रदेश और देश के लिए गौरव की बात हैं, और इन्हें प्राथमिकता देकर आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

आसपास के सभी गांवों के निवासी रितिक यादव और उनके परिवार को इस उपलब्धि पर बधाइयां दे रहे हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं। ग्रामीणों की इच्छा है कि तीनों प्राधिकरण और क्रीड़ा विभाग रितिक को स्थायी व सम्मानजनक नौकरी देकर प्रोत्साहित करें, जिससे अन्य युवा भी खेलों की ओर प्रेरित हों।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर






**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित कैंप कार्यालय पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने किया।

शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने दांतों, आंखों, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हाइपरटेंशन और अन्य सामान्य रोगों की जांच की। साथ ही, जरुरतमंदों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर का उद्देश्य खासतौर से झुग्गी बस्तियों और ग्रामीण अंचलों में रहने वाले उन लोगों की मदद करना था, जो छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं को नजरअंदाज कर बड़ी बीमारियों का शिकार हो जाते हैं।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक भाटी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का चरित्र हमेशा आम आदमी के साथ खड़ा रहा है। यह शिविर उसी सोच का हिस्सा है। हमें सत्ता में रहें या विपक्ष में, आम जनता के दर्द में साझेदार बनना चाहिए।

जिला उपाध्यक्ष रिज़वान चौधरी ने बताया कि शिविर में लगभग 300 लोगों की जांच की गई, जिसमें बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर, स्थानीय ग्रामवासी और झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोग शामिल रहे।

स्वास्थ्य जांच में भाग लेने वालों में डॉ. कुबेर त्यागी (दंत चिकित्सक), डॉ. नरेश (सामान्य परामर्शदाता) और आंखों के टेक्नीशियन आलोक प्रमुख रहे।

इस मौके पर परामर्श लेने वालों में विनु भाटी, सुरेंद्र शर्मा, गार्गी चंद, रमेश चंद, पवन सिंह, भोलाराम सिंह, फिरोज, काशु चौधरी, तौफीक खान, निखिल शर्मा, जिला समन्वयक जोगेश नेहरा, मुकेश शर्मा, किशन शर्मा, गौरव वशिष्ठ, धर्म सिंह, रूबी चौहान, कल्पना सिंह, सुबोध भट्ट, विपिन त्यागी, सचिन भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

## सीटू ने किया सरजू राम का विदाई समारोह



**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश सरकार ने अपर श्रमायुक्त सरजू राम शर्मा का स्थानांतरण कानपुर मुख्यालय कर दिया है। उनकी जगह आगरा में तैनात राकेश द्विवेदी को जिला श्रम आयुक्त (डीएलसी), गौतमबुद्धनगर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

स्थानांतरण के उपलक्ष्य में नोएडा स्थित कार्यालय में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जहां अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री शर्मा को फूलों की माला व गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। श्रम विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिक प्रतिनिधियों ने श्री शर्मा के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर सीटू जिला अध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, महासचिव रामसागर, सचिव रामस्वारथ समेत कई मजदूर संगठनों के नेता उपस्थित रहे।

## जल विभाग को सौंपा गया ज्ञापन




**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-8, 9, 10, 4 व 5 की झुग्गी बस्तियों में खराब पानी आपूर्ति व्यवस्था के खिलाफ भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)- सीपीआई (एम) की गौतमबुद्धनगर कमेटी ने नोएडा प्राधिकरण जल विभाग कार्यालय पर प्रदर्शन किया और महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि झुग्गी बस्तियों में रहने वाले नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, जब तक यह व्यवस्था बहाल नहीं होती, तब तक टैंकरों के माध्यम से नियमित पानी की आपूर्ति की जाए।

प्रदर्शन का नेतृत्व माकपा जिला सचिव कामरेड रामसागर, लोकल कमेटी सदस्य गंगेश्वर दत्त शर्मा, भीखू प्रसाद, रामस्वारथ, जनवादी महिला समिति की नेता चंदा बेगम, गुड़िया देवी, रेखा चौहान, गीता देवी, मेहंदी, हजमुल, गुलिस्ता आदि ने किया।

प्रदर्शन के दौरान पार्टी नेताओं ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच झुग्गी बस्तियों में कई दिनों से नियमित पानी नहीं आ रहा है, जिससे नागरिकों के दैनिक कार्य, ड्यूटी और बच्चों की पढ़ाई पर प्रभाव पड़ रहा है। यदि शीघ्र पानी आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो सीपीआई (एम) जन समर्थन के साथ बड़ा आंदोलन करेगी।

## नवनियुक्त तहसीलदार का किया स्वागत



**दादरी ( चेतना मंच )।** किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा संगठन द्वारा दादरी तहसील में नवनियुक्त तहसीलदार डॉ. अजय कुमार सिंह का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस दौरान प्रमुख रूप से वीरेंद्र उर्फ लीलू (मेरठ मंडल अध्यक्ष), सुरेश प्रधान (तहसील संयोजक), जयंती प्रसाद (तहसील संरक्षक), संजीव एडवोकेट, अनिल अधाना, अमित चावला, बबली भाटी, योगराज ठाकुर, मनीष नागर, राजकुमार रूपबास, मिंटू तिवारी, धूम सिंह, राजेंद्र, भरत सिंह, मनोज भाटी आदि लोग उपस्थित रहे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**गोरखपुर लिंक...**

सीएम योगी ने अपने भाषण का समापन इन शब्दों के साथ किया - 'आजमगढ़ अब डर या पिछड़ेपन का नहीं, बल्कि अदम्य साहस और विकास का गढ़ बन चुका है।'

**दुकानों के शटर...**

रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर युवक ग्रीन बेल्ट की तरफ भाग निकले। पुलिस टीम ने जब इनका पीछा किया तो एक बदमाश ने पुलिस पर फायर कर दिया जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह गिर गया। जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। तलाशी में इसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश में गौरव उर्फ गोलू निवासी बरौला बताया।

एडीसीपी ने बताया कि पुलिस टीम ने कॉम्बिन के दौरान गौरव के फरार साथी मोहित कुमार आदित्य कुमार उसे पालतू व अकिल को दबोच लिया। इनके पास से एक-एक चाकू बरामद हुए। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह ऑटो में सवार होकर दुकान व मकान की रेकी करते हैं। रेकी करने के बाद मौका पाते ही वह शटर व ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि उन्होंने बीते दिनों पुश्ता रोड पर गिरधारी स्वीट्स में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। दुकान का शटर तोड़कर वह भीतर घुसे और गले में रखे 90000 रूपये लेकर फरार हो गए थे।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

**लखनावली में बिल्डर ने...**

जिस कारण 2 वर्ष के लिए साइट पर निर्माण कार्य रुक गया। इसके उपरांत सिंचाई विभाग द्वारा नोटिस दिए जाने के कारण भी निर्माण कार्य सहित शुरू नहीं हुआ। पीड़ित के मुताबिक स्थितियां सामान्य होने पर उसने निर्माण कार्य शुरू करने की कोशिश की लेकिन इस दौरान यादराम के मन में बेईमानी आ गई थी। यादराम ने उसकी गैर मौजूदगी में साइट पर आए ठेकेदार और मजदूरों को भगाकर काम बंद कर दिया। इसके बाद उसने अपने पुत्र मुन्नी, रिछपाल तथा अपने पुत्र अनूप ललित राहुल के साथ मिलकर साइट के सैंपल फ्लैट, बिल्डिंग मटेरियल व सभी मशीनों पर कब्जा कर उन्हें लगभग 3 करोड रुपए में बेच दिया।

सैयद अराफात अहमद के मुताबिक उसने वर्ष 2025 के मार्च माह में अपने मैनेजर के द्वारा समझौता का प्रयास किया। 16 अप्रैल को समझौता के लिए हुई मीटिंग के दौरान आरोपियों ने मैनेजर एजेंटों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और धमकी दी कि जमीन उसकी है। इसलिए अब सारा सामान उसका हो चुका है। अगर कोई इस प्रोजेक्ट की तरफ आया तो उसे अंजाम भुगतना होगा। सैयद अराफात अहमद के मुताबिक उसने पुलिस को सूचना दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बाद उसने न्यायालय में याचिका दाखिल कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई। न्यायालय के निर्देश पर थाना सूरजपुर में यादराम, मुन्नी, ऋषिपाल, अनूप, ललित एवं राहुल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**ग्रेटर नोएडा में ईनामी**

इस पर नोएडा की तरफ सेक्टर-62, 63 और छिजारसी की तरफ चढ़ने-उतरने की सुविधा मिलेगी। स्काईवॉक में राहगीरों को ऊपर चढ़ने में कोई परेशानी न हो इसके लिए नोएडा की तरफ एस्केलेटर (स्वचलित सीढ़ियां) लगाए जाएंगे। इसेक अलावा दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के कोनों पर दो लिफ्ट लगाई जाएंगी।

अधिकारियों ने बताया कि अब इसकी डिजाइन और बजट को मंजूरी के लिए स्काईवॉक दिल्ली को भेजा गया है। उम्मीद है कि एक महीने के अंदर आईआईटी की मंजूरी मिल जाएगी।

**जमानत पर बाहर आते...**

बाहर गए हुए थे। घर वापस लौटने पर उनकी छोटी बेटी ने बताया कि रोनी यादव उनके घर में जबरदस्ती घुस आया और घर में रखे 3000 रूपये निकालकर उनकी नाबालिक बेटी को डरा धमका कर अपने साथ अपहरण करके ले गया है।

पीड़ित के मुताबिक उसने कई बार थाना बादलपुर पुलिस से इसकी शिकायत की। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित के मुताबिक रोनी यादव व उसके परिजन उसे पुराने केस में गवाही नहीं देने के लिए भी धमकी दे रहे हैं। इसके बाद उसने न्यायालय में याचिका दाखिल कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई। न्यायालय के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल कर किशोरी को बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

**फुटओवर ब्रिज की...**

लगी लिफ्ट फंस गई। लिफ्ट रुकने की वजह से उसमें सवार लोगों ने मदद के लिए पुलिस से गुहार लगाई। पुलिस ने पास की सोसाइटियों से टेक्नीशियन को बुलाकर लिफ्ट खुलवाकर लोगों को बाहर निकाल। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-142 के पास बने फुट ओवर ब्रिज पर लोगों की सुविधा के लिए लिफ्ट लगी हुई है। आज सुबह कुछ लोग सड़क पार करने के लिए लिफ्ट में सवार हुए। यह लिफ़्ट ऊपर जाकर अचानक बंद हो गई। लोगों ने लिफ्ट के दरवाजे को खोलने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। लिफ्ट में फंसे लोगों ने पुलिस को फोन किया सूचना मिलने पर थाना सेक्टर-142 प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पड़ोस की सोसायटी से लिफ्ट टेक्नीशियन को बुलवाकर लिफ्ट के दरवाजे को खुलवाया और उसमें सवार लोगों को सकुशल बाहर निकाला। करीब पौने घंटे तक लिफ्ट में फंसे लोगों ने बाहर निकालकर राहत की सांस ली और गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट का आभार व्यक्त किया।

**ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद...**

खुद को घिरा देखकर चालक कार से उतरकर भागने लगा। इस दौरान उसने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक गोली उसके पैर में लगी और वह घायल होकर गिर गया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने बदमाश को दबोच लिया। उसके पास से तमंचा, कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम शाहिद पुत्र खुर्शीद निवासी न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी ज़ाकिर नगर थाना जामिया नगर ओखला दिल्ली बताया।

एडीसीपी ने बताया कि पकड़ा गया शाहिद थाना नॉलेज पार्क से गोकशी के मामले में वांछित चल रहा था। वहां वांछित चलने के कारण उसे पर 25000 का इनाम घोषित किया गया था। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस इसके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

**कविनगर में 8 लाख...**

तो एक बाइक पर सवार 2 व्यक्ति मौके से फरार हो गये तथा दूसरी बाइक पर सवार 03 व्यक्तियों द्वारा पुलिस पर फायरिंग कर दी गई। आगे उनकी बाइक गिर गई इसी दौरान इनके द्वारा पुलिस टीम पर दौबारा फायरिंग की गई। पुलिस टीम ने जवाबी फायरिंग की जिसमें 3 व्यक्ति सूरज, नितिन तथा मनीष को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम द्वारा की गई फायरिंग में सूरज यादव तथा नितिन कुमार के पैर में गोली लगी है। पुलिस टीम द्वारा मौके से 4,30,000/- रूपये,03 तमन्चे (315 बोर) व एक बाइक बरामद की गई है। अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि इस घटना में पीड़ित अमित भी योजना में शामिल था तथा इसके अलावा 02 अन्य व्यक्ति अंकुश और बृजेश भी शामिल थे।

मौके से फरार हुए दोनों बदमाशों को पुलिस ने थाना मधुबन बापुधाम क्षेत्रान्तर्गत बुनकर मार्ट चौराहे के पास घेर लिया। यहां पुलिस टीम द्वारा चैकिंग की जा रही थी तभी एक बाइक पर 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। इनको पुलिस टीम द्वारा रोकने की कोशिश की गई तो इनके द्वारा वापस भागते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। भागते समय वह गिर गये तथा उनके द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग के जवाब में पुलिस टीम द्वारा भी फायरिंग की गई जिसमें दोनों व्यक्ति घायल हो गये। पूछताछ में इन बदमाशों ने अपने नाम अंकुश तथा बृजेश बताया।

पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों के कब्जे से 1,00,000/- रूपये, 1 मोबाइल वीवो (कीमत करीब 32,000/- रूपये), 2 तमन्चे (315 बोर), जिन्दा व खोका कारतूस तथा 1 बाइक बरामद की गई है। प्रकरण में अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## डोमिनोज पिज़्ज़ा स्टोर में लगे एयरकंडीशनर के कॉपर वायर चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-2 क्षेत्र के सेक्टर-110 स्थित डोमिनोज पिज़्ज़ा स्टोर में लगे चार एयरकंडीशनर के कॉपर पाइप चोरी हो गए। स्टोर मैनेजर ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-110 स्थित डोमिनोज पिज़्ज़ा स्टोर के मैनेजर अभिषेक शर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके स्टोर में पीछे की तरफ एक की आउटडोर यूनिट लगी हुई है। रात्रि के समय चोरों ने चार एसी के कॉपर पाइप को चोरी कर लिया। चोरों ने बीती रात्रि को इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है की रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## भाजपा में फिर बढ़ी गुटबाजी, जिलाध्यक्ष पर लगाया तानाशाही का आरोप

**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई में दिनों-दिन गुटबाजी गहराती जा रही है। हाल ही में अखलपुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में यह गुटबाजी खुलकर सामने आ गई।

बताया जा रहा है कि जब से अभिषेक शर्मा ने जिला अध्यक्ष पद की कमान संभाली है, तब से पार्टी में एक विशेष जाट वर्ग को ही प्राथमिकता मिल रही है, जिससे अन्य वर्गों के कई कार्यकर्ता नाराज दिखाई दे रहे हैं। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि अभिषेक शर्मा की कार्यशैली तानाशाही जैसी हो गई है, जिसके चलते पार्टी के भीतर असंतोष बढ़ता जा रहा है।

यह भी गौरतलब है कि पूर्व जिला अध्यक्ष के कार्यकाल में गुटबाजी पर काफी हद तक नियंत्रण था, लेकिन अध्यक्ष के बदलते ही यह समस्या फिर से सतह पर आ गई है। यदि समय रहते पार्टी नेतृत्व ने इस गुटबाजी पर लगाम नहीं लगाई, तो आगामी समय में पार्टी को जिले में राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## दुकान के कर्मचारी ने रची मोबाइल शॉप में चोरी की साजिश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-49 पुलिस ने बीते दिनों हुई मोबाइल शॉप में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दुकान से चोरी किए गए लाखों रुपए मूल्य के मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पकड़ा गया एक आरोपी दुकान में ही काम करता था और इसने ही चोरी की घटना का तना-बना बुना था।

एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि सेक्टर-47 निवासी अतुल कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बरौला में उसकी पीएस मोबाइल वर्ल्ड के नाम से शॉप है। 16-17 जून की रात्रि को उसकी दुकान से चोरों ने लाखों रुपए मूल्य के 18 मोबाइल फोन चोरी कर लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना प्रभारी अनुज कुमार सैनी व उनकी टीम ने बुध बाजार से ऋतिक व अमन को गिरफ्तार कर लिया इनके पास से चोरी के सभी मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

जांच के दौरान पता चला कि ऋतिक पीएसए मोबाइल वर्ल्ड शॉप में काम करता था। उसी ने अपने साथी अमन के साथ मिलकर दुकान में चोरी करने की योजना बनाई थी। 16,17 जून की रात्रि को मौका पाकर दोनों ने दुकान से 18 मोबाइल फोन चोरी कर लिए थे।

# रंजिश में मारपीट व तोड़फोड़

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के सेक्टर-150 में कुछ लोगों ने पुराने रंजिश के चलते मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने मार्केट में भी तोड़फोड़ की। इस संबंध में पांच नामजद सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

ग्राम सफीपुर निवासी राम खिलाड़ी ने बताया कि वह 18 जून की रात्रि को सेक्टर-150 स्थित अपनी मार्केट में बैठा हुआ था। इस दौरान दो गाड़ियों में सवार होकर मौके पर पहुंचे कमल, अनुज, अनिल, चिंटू व अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी मार्केट में पहुंचकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। उसने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने लोहे की रॉड से उसे पर वार कर उसे घायल कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपियों ने मार्केट में भी जमकर उत्पाद मचाया। इस कारण लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। लोगों को इकट्ठा होते देखकर आरोपी भविष्य में देखने की धमकी देते हुए हवा में हथियार लहराते हुए फरार हो गए। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया। पुलिस का कहना है की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी पीड़ित से पूर्व से ही रंजिश मानते हैं।

# जिला जज ने किया किशोर संप्रेषण गृह का निरीक्षण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला जज गौतमबुद्धनगर मलखान सिंह ने



राजकीय संप्रेषण गृह किशोर का स्थलीय निरीक्षण कर वहां निवासरत किशोरों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं सुधारात्मक गतिविधियों का गहन अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान जिला जज ने किशोरों से सीधे संवाद कर उनके लंबित मुकदमों की स्थिति, न्यायिक प्रक्रिया में आ रही समस्याएं तथा संप्रेषण गृह में प्राप्त हो रही भौतिक एवं मानसिक सुविधाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उत्तर प्रदेश शासन एवं उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा संचालित दिशा-निर्देशों के अनुपालन की स्थिति को भी परखा।

प्रभारी अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि संस्थान में किशोरों के पुनर्वास एवं व्यक्तित्व विकास हेतु जूडो कराटे कक्षाएं, कंप्यूटर प्रशिक्षण, सिलाई कार्यशाला तथा प्रतिदिन योगा व मेडिटेशन सत्र प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा नियमित रूप से संचालित किए जा रहे हैं। ये सभी गतिविधियां किशोरों के आत्मविश्वास, अनुशासन एवं मानसिक सशक्तिकरण के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही हैं।

निरीक्षण के दौरान पाए गए कुछ व्यवस्थागत कमियों के शीघ्र निस्तारण हेतु जिला जज ने प्रभारी अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए संबंधित कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता बनाए रखने पर विशेष बल दिया।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव बबिता पाठक, सिविल जज (वरिष्ठ संवर्ग) गौतम बुद्ध नगर, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडेय सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर लगाई स्वास्थ्य जांच शिविर




**नोएडा (चेतना मंच)।** जिला कांग्रेस कमेटी कैंप कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

जिला कांग्रेस मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला के नेतृत्व में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अनुभवी चिकित्सकों द्वारा निशुल्क दांतों की जांच, आंखों की जांच, हाइपरटेंशन, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज व अन्य सामान्य रोगों से संबंधित परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान आवश्यक दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया गया।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कार्यकर्ताओं व उपस्थित जनों से कहा कि आज हमारा यह एक छोटा सा प्रयास है जिसके माध्यम से यहां आस-पास झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों के लिए यह स्वास्थ्य शिविर हमने लगाया है। जिला उपाध्यक्ष रिजवान चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर में लगभग 300 लोगों की जाँच की गई।

जांच शिविर में विनु भाटी, सुरेंद्र शर्मा, गार्गी चंद, मालती, रमेश चन्द, पवन सिंह, भोलाराम सिंह, मुन्ना, फिरोज, काशु चौधरी, तौफीक खान, श्याम प्रकाश, जीतेन्द्र चौधरी, जीता कुमार,राम शंकर, हरेन्द्र शर्मा, इरफान अंसारी, आकिब, फिरोज वारसी, जाकिर अंसारी, सुशील सत्ती, निखिल शर्मा, पुनीत मावी, राजीव, कुंदन शर्मा, अफीफ, मुर्तज़ा, इमरान आदि ने परामर्श लिया।

स्वास्थ्य जांच शिविर में प्रमुख रूप से दंत चिकित्सक डॉ0 कुबेर त्यागी, सामान्य परामर्शदाता डॉ0 नरेश, आँखों के लिए टेक्नीशियन आलोक आदि ने भाग लिया।

कार्यक्रम में जिला समन्वयक जोगेश नेहरा, मुकेश शर्मा, जितेन्द्र चौधरी, रिजवान चौधरी, श्रीमती निशा शर्मा, पुनीत मावी, गौतम अवाना, हरिंद्र शर्मा, महाराज नागर, धर्म सिंह, किशन शर्मा, रूबी चौहान, कल्पना सिंह, गौरव वशिष्ठ, कपिल भाटी, गौतम सिंह, सुबोध भट्ट, सचिन भाटी, धीरा सिंह, अशोक पंडित, ओमकार राणा, मोहित भाटी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्रेनो प्राधिकरण में ई-ऑफिस शुरू, अब फाइल वर्क ऑनलाइन होगा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में ई-ऑफिस प्रणाली (go-live) बृहस्पतिवार को लागू हो गई है। अब फाइल वर्क ऑनलाइन माध्यम से होगा। इसके लिए प्राधिकरण के सभी स्थाई स्टाफ की (अधिकारी-कर्मचारी दोनों) ईमेल आईडी तैयार हो गई है और डिजिटल साइन भी बन रहे हैं। ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने से तय समयसीमा में फाइलें अप्रूव्ड हो सकेंगी। अनावश्यक देरी नहीं होंगी। शासन की टीम इसकी निगरानी भी करेगी।जरूरत प ?ने पर कोई भी फाइल किसी भी सरकारी महकमे को सीधे भेजी जा सकेगी।



दरअसल, प्रदेश सरकार ने हाल ही में एक आदेश जारी किया कि प्रदेश के सभी सरकारी महकमों को ई-ऑफिस में तब्दील कर दिया जाए। इस पर तेजी से काम हो हो रहा है। ई-ऑफिस प्रणाली को एनआईसी लागू कर रही है। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड (यूपीईसीएल) इसकी नोडल एजेंसी है। ई-ऑफिस से सभी फाइल वर्क ऑनलाइन होगा। सभी विभागों की फाइलें ऑनलाइन हो जाएंगी। अधिकारी-कर्मचारी कहीं भी बैठे हों, वहीं से फाइलें साइन कर सकेंगे। फाइलों पर अप्रूवल का समय व तिथि दोनों ही अंकित होगा, जिससे कर्मचारी व अधिकारी फाइलें समय से कर सकेंगे। इस पर शासन की टीम निगरानी करेगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने भी बृहस्पतिवार को ई-ऑफिस शुरू कर दिया है। अब सारा फाइल वर्क ई-ऑफिस पर होगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने सभी महकमों को ई-ऑफिस पर ही कामकाज करने के निर्देश दिए हैं। जैसे-जैसे अधिकारियों-कर्मचारियों के डिजिटल साइन बनते जाएंगे, वैसे-वैसे ई-ऑफिस पर फाइल वर्क होता रहेगा। सभी विभागों की फाइलें ई-ऑफिस पर अपलोड की जाएंगी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी अभिषेक पाठक ने बताया कि प्राधिकरण के अधिकांश अधिकारियों व कर्मचारियों के ईमेल आईडी तैयार हो गए हैं और डिजिटल साइन तैयार किया जा रहे हैं। प्राधिकरण की कोशिश रहेगी कि जल्द से जल्द प्राधिकरण के सभी विभागीय कामकाज ई-ऑफिस पर हो। प्राधिकरण की 55 हजार से अधिक फाइल को स्कैन कर डाटा बैंक पहले से ही तैयार है। इसका उपयोग कर निवेश मित्रा व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले आवेदनों को ई-ऑफिस के माध्यम से निस्तारित किया जाएगा।

प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि ई-ऑफिस से विभागीय कामकाज में और पारदर्शिता आएगी। हर स्तर पर फाइल तय समय में अप्रूव्ड होगी। फाइल किस स्तर पर है, इसका भी पता चलता रहेगा। इससे लोगों को सहूलियत हो जाएगी।

## पड़ोसी पर परेशान करने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जेवर में एक महिला ने अपने पड़ोसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि उसका पड़ोसी उसे तरह-तरह से परेशान करता है और इसका विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है।

थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली कोमल (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि पिछले डेढ़ वर्ष से राजकुमार उर्फ मुन्ना लाल उसे तरह-तरह से परेशान कर रहा है। जब वह इस बात का विरोध करती है तो उसे जान से मारने की धमकी देता है। पीड़िता के मुताबिक 4 जून की सुबह राजकुमार ने उसके घर पर पत्थर फेंक दिए। उसने जब इस बात का विरोध किया तो राजकुमार गाली-गलौज करने लगा। गाली गलौज करने के दौरान राजकुमार ने उसके साथ मारपीट की और वहां से चला गया।

पीड़िता के मुताबिक आरोपी बदमाश किस का व्यक्ति है और अक्सर उसे जान से मारने की धमकी देता रहता है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

**अंडरपास में युवक-युवती के गिरकर मौत का मामला**

## घटनास्थल पर नहीं था डायवर्जन : ग्रेनो प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चार मूर्ति चौक पर निर्माणाधीन अंडरपास में

**घटनास्थल पर पहुंची प्राधिकरण की टीम ने सुरक्षा इंतजामों का लिया जायजा**

गिरकर युवक- युवती की मौत की घटना से प्राधिकरण के अधिकारीगण भी बहुत आहत हैं। सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ प्रेरणा सिंह व अन्य अधिकारियों ने उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

वहीं सीईओ के निर्देश पर परियोजना विभाग की टीम ने घटना के तुरंत बाद मौके पर जाकर जायजा भी लिया। सीसीटीवी फुटेज भी निकलवाई गई, जिसमें बाइक की तीव्र गति दिख रही है। मौके पर जायजा लेने के बाद परियोजना विभाग की टीम ने बताया कि अंडरपास के निर्माण को देखते हुए डबल बैरिकेटिंग भी की गई है।

बाइक की गति अधिक होने की वजह से बैरिकेटिंग को तोड़कर युवक- युवती अंडरपास में गिरे थे, जिससे यह हादसा हुआ। प्राधिकरण का कहना है कि चौराहे पर पर्याप्त रोशनी का भी इंतजाम है। वीडियो में पर्याप्त रोशनी भी दिख रही है। यही नहीं, अंडरपास के निर्माण के लिए नोएडा से आते समय 130 मीटर रोड पर कोई अतिरिक्त डायवर्जन नहीं किया गया है, सिर्फ 60 मीटर रोड पर ट्रैफिक डायवर्जन है, जिस जगह अंडरपास बन रहा है, वहां पहले से चौराहा था।

# श्री राम सेवा समिति ने कराया सामूहिक विवाह

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर-51 स्थित डायमंड क्रॉउन बैंक्विट हॉल में श्री राम सेवा समिति ने एक सामूहिक विवाह का आयोजन किया। इस तरह का सामूहिक विवाह नोएडा के इतिहास में पहली बार हुआ हैं। विवाह समारोह को भव्य बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी गई।

संस्था के अध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता (बोबी) ने बताया कि यह हमारा चतुर्थ सामूहिक विवाह समारोह है। हम पिछले 4 वर्षों से लगातार सामूहिक विवाह का आयोजन कर रहे हैं जिसमें अब तक 60 जोड़ों की शादियाँ करा चुके है। लेकिन नोएडा में यह हमारा पहला आयोजन हैं। इस बार समिति ने नोएडा निवासी मनीषा, प्रियंका, सोनिया की शादी करवाई। मनीषा की अनमोल और प्रियंका की गौरव के साथ हिंदू रीति रिवाज से विवाह संपन्न कराया गया वहीं



सोनिया का देवेंद्र के साथ बौद्ध रीति रिवाज से विवाह कराया गया।

उन्होंने बताया कि हमने वर और वधू दोनों पक्षों की तरफ से 50-50 लोगों को आमंत्रित किया है, हमने बेटियों को कान के झुमके, नाक की नथ, पायल, बिछुये, हाथ की घड़ी के साथ साथ जीवन उपयोगी जैसे बेड, अलमारी, वाशिंग मशीन, फ्रिज, टीवी, सिलाई मशीन, जूसर, चेयर टेबल और अन्य घरेलू समान उपहार स्वरूप भेंट किये है।

इस विवाह समारोह में समिति के पदाधिकारी प्रदीप गुप्ता, नवीन गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक आशुतोष मिश्रा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# NDRF के योग शिविर में बच्चों ने किया योगासन

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर 8वीं बटालियन



राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) गाजियाबाद आयुष मंत्रालय एवं जिला प्रशासन गाजियाबाद द्वारा संयुक्त योग शिविर का आयोजन किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 8वीं बटालियन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF), कमला नेहरू नगर, गाजियाबाद, आयुष मंत्रालय, एवं जिला प्रशासन गाजियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रवीण कुमार तिवारी, उप महानिरीक्षक, 8वीं बटालियन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस आयोजन में जिला प्रशासन से मनीष कुमार, IRS, विकाश कश्यप, ADM, जिला होमियोपैथी चिकित्सालय से डॉ. पंकज त्यागी, चिकित्सा अधिकारी, 8वीं NDRF से डॉ. मालिक नासिर अहमद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. सूर्य कुमार मौर्या, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी और अन्य अधिकारीगण के साथ 381 रेस्क्यूर्स भी उपस्थित रहे।

इस वर्ष योग दिवस की थीम "Yoga for One Earth, One Health" रही। श्री तिवारी ने बताया कि योग एक स्वस्थ जीवन शैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसके वैश्विक महत्व को समझना आवश्यक है। योग गुरु आचार्य यश परासर और ह0/जी0डी -अनुज कुमार द्वारा योग शिविर संचालित किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में कुणाल तिवारी, उप सेनानी, नरेश कुमार नामदेव, स0से0, नि0 संजय कुमार, ह0/जी0डी- के0के0 शर्मा, प्रवीण कुमार तिवारी और बटालियन के रेस्क्यूर्स का अहम योगदान रहा।



## खास खबर

### सेल ने आईएनएस 'अणार्ला' का उत्पादन करने के लिए आपूर्ति की स्टील

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने रक्षा के क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता और आयात प्रतिस्थापन की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। देश की महारत्न कंपनी सेल ने देश के पहले एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट 'अणार्ला' के लिए विशेष इस्पात की जरूरत को सफलतापूर्वक पूरा किया है। आईएनएस अनार्ला को 18 जून को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। मंत्रालय ने कहा कि सेल ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) में बनाए जा रहे अन्य सात एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी कोरवेट के लिए भी विशेष इस्पात की पूरी आपूर्ति की है। रक्षा स्वदेशीकरण की दिशा में भारत के प्रयासों में एक प्रमुख भागीदार के तौर पर सेल ने इस परियोजना के लिए आवश्यक जरूरत की विशेष स्टील की आपूर्ति की है। यह देश की 'आत्मनिर्भर भारत' की पहल को लागू करने और आयात पर निर्भरता को कम करने में सेल की प्रतिबद्धता का एक और प्रभावशाली उदाहरण है।

### सभी मोबाइल नंबरों के लिए केवॉयसी अनिवार्य, सरकार ने लिया फैसला

**नई दिल्ली।** सरकार ने मोबाइल सेवाओं में पारदर्शिता और सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला किया है। अब देश में सभी मोबाइल नंबरों के लिए केवॉयसी यानी नो योर कस्टमर प्रक्रिया को पूरी तरह अनिवार्य कर दिया है। सरकार के इस फैसला विशेष रूप से उन उपभोक्ताओं पर असर पड़ेगा जो अब तक बिना पूरी पहचान के प्रीपेड सिम कार्ड ले लेते थे। पहले तक प्रीपेड ग्राहकों को कुछ हद तक केवॉयसी में छूट दी गई थी, लेकिन अब यह छूट पूरी तरह से समाप्त कर दी गई है। अब चाहे मोबाइल नंबर प्रीपेड हो या पोस्टपेड, ग्राहक को पहचान और पते का प्रमाण भी देना ही होगा। यह प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से जैसे टेलीकॉम कंपनियों की वेबसाइट या ऐप के जरिए या फिर ऑफलाइन टेलीकॉम स्टोर्स पर जाकर पूरी की जा सकती है। सरकार का कहना है कि यह कदम देश में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए उठाना जरूरी था। मोबाइल नंबरों का दुरुपयोग टेरर फंडिंग, मनी लॉन्ड्रिंग और साइबर फ्रॉड जैसी गतिविधियों में किया जाता है।

### एनसीआर में खरीद सकते हैं 8 लाख का भू-खंड

**नोएडा।** यमुना प्राधिकरण ने इसके लिए सबसे पुराने आवासीय सेक्टर-18 और 20 में जगह चिह्नित कर ली है। भूखंड की कीमत 7.5 लाख से लेकर 8 लाख रुपये के बीच होगी। योजना में सफल होने वाले आवेदक ढाई मंजिला मकान बना सकेंगे। लोगों को किस्तों में रुपये जमा करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। महत्वपूर्ण शर्त यह रखी जाएगी कि 10 साल तक भूखंड या मकान बेच नहीं सकेंगे। ग्रेटर नोएडा के यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग भी आवास बना सकेंगे। इस वर्ग के लोगों के लिए 30 वर्गमीटर के छोटे भूखंडों की योजना शुरू आएगी। पहले चरण में कुल 4288 भूखंडों की योजना निकाली जाएगी। इस प्रस्ताव को बोर्ड ने बुधवार को मंजूरी दे दी।

### चेतक स्कूटर नए इलेक्ट्रिक स्कूटर के रूप में होगा लॉन्च

**नई दिल्ली।** स्वदेशी ऑटोमोबाइल कंपनी बजाज ऑटो जल्द ही अपने मशहूर चेतक स्कूटर को नए इलेक्ट्रिक रूप में लॉन्च करेगी। यह स्कूटर चेतक 3001 नाम से लांच होने वाला है। यह स्कूटर क्लासिक डिजाइन के साथ स्मार्ट फीचर्स से लैस होगा। कंपनी इसे शहरी उपभोक्ताओं के लिए एक किफायती, भरोसेमंद और पर्यावरण अनुकूल विकल्प के तौर पर पेश करेगी। बजाज चेतक 3001 में 3.1 किलोवॉट की इलेक्ट्रिक मोटर दी गई है, जो अधिकतम 62 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार दे सकती है। इसमें लगभग 3 किलोवॉट-घंटा क्षमता वाली बैटरी दी जाएगी, जो रोजमर्रा की जरूरतों जैसे ऑफिस जाना, बाजार के काम आदि के लिए काफी होगी। चेतक 3001 का लुक पुराने चेतक मॉडल की ही तरह क्लासिक और मेटल बॉडी वाला होगा।

---

### मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देशों के रिश्ते होंगे और मजबूत

# भारत दे सकता है यूके की अर्थव्यवस्था को रफ्तार : पीयूष गोयल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने में मदद कर सकता है। भारतीय यूके जाकर वहां की अर्थव्यवस्था में मूल्य जोड़ते हैं। मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देशों के रिश्ते और मजबूत होंगे। गोयल ने लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) में यह बात कही। उन्होंने कहा कि हम इस अनिश्चित विश्व में जो अस्थिरता, अनिश्चितता, चुनौतियों और संकटों से भरा हुआ है, ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने में मदद कर सकते हैं। इस समय दुनिया संकटों और चुनौतियों से भरी है। फिर भी भारत स्थिरता, तेज विकास के दौर में है। यहां के

> ▸ भारत में हमारी प्रक्रिया तुलनात्मक रूप से काफी तेज है
>
> ▸ अनिश्चित विश्व में जो अस्थिरता, अनिश्चितता, चुनौतियों और संकटों से भरा हुआ है, ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने में मदद कर सकते हैं

लोग अपने शांत स्वभाव के कारण पूरे विश्वभर में जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि चार करोड़ भारतीय विश्व के अलग-अलग




देशों में रहते हैं, जो अपनी प्रतिभा और कौशल के लिए पहचाने जाते हैं। इंडिया ग्लोबल फोरम में बोलते हुए गोयल ने यूके-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इसे मुफ्त में दिए जाने वाला कहना अनुचित है। भारतीय लोग जब यहां आते हैं तो वे यूके की अर्थव्यवस्था में मूल्य जोड़ते हैं। एफटीए के लागू होने की समयसीमा के बारे में उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि ब्रिटेन की संसद द्वारा उनकी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद बहुत जल्द इसे एक लागू करने योग्य समझौते का रूप दे दिया जाएगा। भारत में हमारी प्रक्रिया तुलनात्मक रूप से काफी तेज है, इसलिए जैसे ही कानूनी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और दस्तावेज तैयार हो जाएगा, हम (इसे लागू करने के लिए) तैयार होंगे। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि ब्रिटेन के व्यापार और व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ एक सार्थक वार्ता बैठक आयोजित की। बैठक में दोनों देशों की महत्वाकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करने वाले व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते को लागू करने के हमारे साझा लक्ष्य को दोहराया। इससे पहले पीयूष गोयल ने बुधवार को ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया और खेल मंत्री लिसा नंदी से मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि गोयल यूके और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौते के क्रियान्वयन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने तथा दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों का पता लगाने के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर लंदन में हैं।

### मई में हुंडई क्रेटा की 28,000 से ज्यादा यूनिट्स बिकीं

**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया की मई 2025 में कुल बिक्री में गिरावट जरूर दर्ज हुई। इस दौरान कंपनी की तीन प्रमुख एसयूवी क्रेटा, वेन्यू और एक्सटर ने कंपनी के लिए मजबूत सहारा साबित किया। कंपनी के तीन मॉडलों ने मिलकर कुल बिक्री का लगभग 65प्रतिशत हिस्सा अकेले ही हासिल किया। कंपनी ने मई में कुल 43,861 यूनिट्स की बिक्री की, जो अप्रैल 2025 के मुकाबले करीब 1प्रतिशत कम और पिछले साल मई की तुलना में लगभग 11 प्रतिशत कम है। कंपनी का कहना है कि यह गिरावट कुछ योजनाबद्ध मेंटेनेंस और उत्पादन गतिविधियों के कारण हुई है। एसयूवी सेगमेंट की बात करें तो क्रेटा मिड-साइज एसयूवी कैटेगरी में कंपनी की सबसे मजबूत गाड़ी बनी रही। इसकी बिक्री में सालाना आधार पर 1प्रतिशत की मामूली बढ़त रही, हालांकि महीने-दर-महीने इसमें 13प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली। फिर भी, क्रेटा टॉप-10 सबसे ज्यादा बिकने वाली कारों में बनी रही। वहीं, वेन्यू की बिक्री में गिरावट जारी रही।

# एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज का आईपीओ 24 को खुलेगा

### प्राइस बैंड 380-400 रुपये प्रति शेयर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** औद्योगिक एवं चिकित्सा गैस क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) निवेशकों के लिए 24 जून को खुलेगा और गुरुवार, 26 जून को बंद होगा। कंपनी ने इसके लिए मूल?य का दायरा (प्राइस बैंड) 380-400 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि अपने पहले आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए 2 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी




शेयर के लिए मूल?य का दायरा 380-400 रुपये निर्धारित किया गया है। यह आईपीओ ताजा इक्विटी जारी करने और बिक्री के लिए पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इसके लिए निवेशक न्यूनतम 37 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 37 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज लिमिटेड के इस आईपीओ में 400 करोड़ तक के नए निर्गम और पद्म कुमार अग्रवाल द्वारा 56,56,565 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश तथा वरुण अग्रवाल द्वारा 56,56,565 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। कंपनी की योजना इस नए इश्यू से प्राप्त 210 करोड़ रुपये की धनराशि का उपयोग एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधारों के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान, पूर्व भुगतान के लिए किया जाएगा। कंपनी के मुताबिक मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड, आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड, जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं और केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड इस इश्यू का रजिस्ट्रार है। उल्लेखनीय है कि एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज लिमिटेड कंपनी भारत में सबसे पुरानी संचालित औद्योगिक गैस कंपनियों में से एक है। कंपनी की 50 वर्षों से अधिक की समृद्ध विरासत है।

### स्टॉक मार्केट में सीमेंस एनर्जी की जोरदार एंट्री

# पहले दिन ही निवेशकों को जबरदस्त मुनाफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** डीमर्जर के जरिए सीमेंस लिमिटेड से अलग होने वाली उसकी पावर ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी सीमेंस एनर्जी इंडिया लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री की। इसी साल 7 अप्रैल को हुए डीमर्जर के दिन सीमेंस एनर्जी इंडिया लिमिटेड के शेयर का भाव 2,350 रुपये था। बीएसई पर इसकी एंट्री 2,850 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर इसकी एंट्री 2,840 रुपए के स्तर पर हुई। स्टॉक मार्केट में एंट्री करने के बाद शुरूआती कारोबार में ही कंपनी के शेयर उछल कर 2,982 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक




पहुंच गए। हालांकि, कुछ देर बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में हुई बिकवाली की वजह से कंपनी के शेयर के भाव में गिरावट भी आई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सीमेंस एनर्जी के शेयर 2,735 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह कंपनी के शेयर दिन के ऊपरी स्तर से 247 रुपये टूट गए। इस गिरावट के बावजूद कंपनी के निवेशकों को पहले दिन ही 10.36 प्रतिशत का फायदा हो गया। दावा किया जा रहा है कि सीमेंस एनर्जी इंडिया लिमिटेड अपनी मजबूत स्थिति के कारण आने वाले दिनों में देश की प्रमुख ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन इक्विपमेंट कंपनी बन सकती है।

## अमेजन फ्रेश पर क्यूरेटेड मिलेट स्टोर के साथ अपने खाने को करें पावर अप

**रांची।** भारतीय रसोई में मिलेट्स अब रोजमर्रा के भोजन को नए रूप में परिभाषित कर रहे हैं, चाहे वो नाश्ते के बाउल हों या रात के खाने की थाली में। प्रोटीन, फाइबर और प्राकृतिक प्रीबायोटिक्स से भरपूर ये पावर ग्रेन्स और सुपरफूड्स न सिर्फ पाचन को बेहतर बनाते हैं, बल्कि आपको लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराते हैं, जिससे ये वजन नियंत्रित करने वालों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। अमेजन फ्रेश के खास मिलेट स्टोरफ्रंट के साथ अब स्वच्छ, ग्लूटन-फ्री और बिना मैदा वाले विकल्पों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना पहले से कहीं आसान हो गया है। और इसका मतलब यह नहीं कि खाना बोरिंग हो गया है, चाहे आप दिन की शुरूआत कर रहे हों हाई-प्रोटीन बनाना पैनकेक मिक्स से, या जल्दी में मिलेट नूडल्स का लंच बना रहे हों, या फिर चावल की जगह फॉक्सटेल और बार्नयार्ड मिलेट जैसे अनपॉलिश्ड विकल्प अपना रहे हों, इस स्टोर में आपको मिलते हैं आसानी से पकने वाले मिक्सेज, नेचुरल आटा और फाइबर-युक्त अनाज, वो भी स्लॉटिड डिलीवरी और बेहतरीन कीमतों के साथ। स्वस्थ और स्वच्छ भोजन अब न सिर्फ आसान और सुलभ है, बल्कि स्वाद से भरपूर भी स्मार्ट शुरूआतः बिना गिल्ट के एनर्जी से भरपूर ब्रेकफास्टः द बेटर फ्लोर जीरो मैदा बनाना पैनकेक मिक्सरू चने और केले से बना यह ग्लूटन-फ्री मिक्स 100प्रतिशत प्लांट-बेस्ड प्रोटीन से भरपूर है।

# मारुति डिजायर ने बनाया सबसे ज्यादा बिकने का रिकार्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बीते महीने मारुति सुजुकी डिजायर ने न सिर्फ सेडान सेगमेंट में सबसे ज्यादा बिक्री का रिकॉर्ड अपने नाम किया। बीते महीने मई में डिजायर की कुल 18,084 यूनिट्स की बिक्री हुई, जो अप्रैल 2024 की तुलना में 13 फीसदी ज्यादा है। एक साल पहले इसी महीने डिजायर की 16,061 यूनिट्स बिकी थीं। फिलहाल इसकी एक्स-शोरूम कीमत 6.84 लाख रुपये से शुरू होकर 10 लाख रुपये तक जाती है। सेडान कारों की बिक्री में दूसरे नंबर पर हुंडई ऑरा रही, जिसकी 5,225 यूनिट्स बिकीं और इसमें 18 फीसदी की सालाना बढ़त दर्ज की गई। तीसरे नंबर पर रही होंडा अमेज, जिसकी 1,998 यूनिट्स बिकीं, लेकिन इसकी बिक्री में 10 फीसदी की गिरावट देखी गई। चौथे नंबर पर फॉक्सवैगन वर्टस रही, जिसने 1,707 यूनिट्स के साथ 10 फीसदी की ग्रोथ हासिल की। पांचवें स्थान पर रही टाटा टिगोर की बिक्री 1,076 यूनिट्स रही, जिसमें 49 फीसदी की भारी गिरावट देखी गई। स्कोडा स्लाविया ने 937 यूनिट्स की बिक्री के साथ छठा स्थान पाया, हालांकि इसमें भी 16 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई। हुंडई वरना 930 यूनिट्स के साथ सातवें स्थान पर रही और इसमें 33 फीसदी की गिरावट देखी गई। आठवें स्थान पर रही होंडा सिटी, जिसकी सिर्फ 491 यूनिट्स बिकीं, जो कि 53 फीसदी की गिरावट है। मारुति सियाज ने 458 यूनिट्स के साथ नौवां स्थान पाया। टॉप 10 की सूची में टोयोटा कैमरी ने 198 यूनिट्स के साथ जगह बनाई, जिसकी बिक्री में 62 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। बता दें कि भारतीय ग्राहकों के बीच सेडान कारों की मांग हमेशा से बनी रही है और मई 2025 में यह रुझान एक बार फिर देखने को मिला।




### डील साइन करने के बाद रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों भारी खरीदारी

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में जबरदस्त खरीदारी हो रही है। अनिल अंबानी की कंपनी के शेयर में 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया और यह 386.05 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गया। कंपनी के शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ी डिफेंस संबंधित डील है। दरअसल, फ्रांस की दिग्गज डिफेंस कंपनी डसॉल्ट एविएशन और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर की सहायक कंपनी रिलायंस एयरोस्ट्रक्चर के बीच भारत में फाल्कन 2000 बिजनेस जेट बनाने के लिए एक डील साइन की गई है। बता दें कि डसॉल्ट एविएशन ने ही राफेल फाइटर जेट को भी बनाती है। राफेल का इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर में किया गया था।

### लगातार तीसरे दिन गिरा शेयर बाजार

# निवेशकों को लगी 3.70 लाख करोड़ की चपत



एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूरे दिन सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाकर सेंसेक्स और निफ्टी को कुछ देर के लिए हरे निशान में पहुंचाने में सफलता भी हासिल की, लेकिन ये तेजी अधिक देर तक टिक नहीं सकी। बिकवाली के दबाव की वजह से ये दोनों सूचकांक एक बार फिर लाल निशान में गिर गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.10 प्रतिशत और निफ्टी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के दौरान मेटल, रियल्टी और आईटी सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। इसके अलावा बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, ऑटोमोबाइल इंडेक्स आज 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद होने में सफल रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.64 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ।

### अपने खाने को करें पावर अप

**हजारीबाग।** भारतीय रसोई में मिलेट्स अब रोजमर्रा के भोजन को नए रूप में परिभाषित कर रहे हैं, चाहे वो नाश्ते के बाउल हों या रात के खाने की थाली में। प्रोटीन, फाइबर और प्राकृतिक प्रीबायोटिक्स से भरपूर ये पावर ग्रेन्स और सुपरफूड्स न सिर्फ पाचन को बेहतर बनाते हैं, बल्कि आपको लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराते हैं, जिससे ये वजन नियंत्रित करने वालों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। अमेजन फ्रेश के खास मिलेट स्टोरफ्रंट के साथ अब स्वच्छ, ग्लूटन-फ्री और बिना मैदा वाले विकल्पों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना पहले से कहीं आसान हो गया है।

# टर्म इंश्योरेंस पसंदीदा वित्तीय उत्पाद के रूप में उभरा : बजाज आलियांज

**रांची।** भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने पिक्सिस ग्लोबल और क्वाल्स एआई के सहयोग से अपने नवीनतम अध्ययन, बजाज आलियांज लाइफ वूमेन टर्म सर्वे (बजाज आलियांज लाइफ महिला टर्म सर्वेक्षण) से उल्लेखनीय निष्कर्ष प्रस्तुत किए। इस सर्वेक्षण में मेट्रो, टियर-1 और टियर-2 शहरों में 1,000 से अधिक वेतनभोगी और स्वरोजगार वाली महिलाओं को शामिल करते हुए गुणात्मक और मात्रात्मक पद्धतियों का संयोजन किया गया। इसके तहत उनकी शीर्ष वित्तीय प्राथमिकताओं, आपात स्थितियों के लिए तैयारी और दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा के दृष्टिकोण का आकलन किया गया। सर्वेक्षण वित्तीय प्राथमिकताओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव को उजागर करता है - जिसमें बच्चों का भविष्य, शिक्षा व्यय और स्वास्थ्य शीर्ष चिंताओं के रूप में सामने आते हैं। टर्म इंश्योरेंस महिलाओं के लिए अपने बच्चे के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पसंदीदा वित्तीय उत्पाद के रूप में उभरा है। 53% महिलाओं ने अपने परिवार की बचत को प्रभावित करने वाले अप्रत्याशित स्वास्थ्य खर्चों के बारे में चिंता व्यक्त की, जो स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों के बारे में बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। इसके अलावा 87% ने गंभीर बीमारी कवर को अत्यधिक आकर्षक पाया, और 50% ने अपने टर्म प्लान में अंतर्निहित स्वास्थ्य प्रबंधन सेवाओं को एक आवश्यक विशेषता माना।

# एयर इंडिया ने की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या में 15 प्रतिशत की कटौती

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की स्वामित्व वाली कंपनी एयर इंडिया ने अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में 15 प्रतिशत की कटौती करने का ऐलान किया है। बताया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कटौती करने का ये फैसला 12 जून को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद शुरू हुई सुरक्षा जांच, ईरानी एयर स्पेस के बंद होने और अन्य तकनीकी कारणों की वजह से लिया गया है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या में की गई ये कटौती कम से कम जुलाई के पहले पखवाड़े तक जारी रहेगी। एयर इंडिया द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए एक पोस्ट में कहा गया है कि एयर इंडिया के सामने उत्पन्न कठिन स्थितियों को देखते हुए एयरलाइन के ऑपरेशन की स्थिरता और बेहतर दक्षता को सुनिश्चित करने के लिए तथा मुसाफिरों की असुविधा को कम




करने के लिए एयरलाइन ने अगले कुछ सप्ताह तक अंतरराष्ट्रीय विमान की उड़ानों की संख्या में 15 प्रतिशत की कटौती करने का फैसला किया है। एयरलाइन के अनुसार अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या में कटौती शुक्रवार 20 जून से लागू की जाएगी, जो कम से कम मध्य जुलाई तक जारी रहेगी। सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा गया है कि मिडिल ईस्ट में जारी जियो पॉलिटिकल टेंशन, यूरोप और पूर्वी एशिया के कई देशों में जारी नाइट कर्फ्यू और एयरलाइन की सुरक्षा जांच की वजह से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में अस्थिरता आ रही है। उल्लेखनीय है कि अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद से ही एयर इंडिया को संचालन व्यवधान (ऑपरेशन हर्डल्स) का सामना करना पड़ा है, जिसकी वजह से पिछले 6 दिनों में एयरलाइन की 80 से अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। एयरलाइन ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या में की गई कटौती से प्रभावित होने वाले मुसाफिरों से असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। एयर इंडिया की ओर से कहा गया है कि जिन यात्रियों की उड़ानें प्रभावित हुई हैं, उन सभी को समय रहते सूचित किया जाएगा और उनके लिए वैकल्पिक उड़ानों की व्यवस्था करने की पूरी कोशिश की जाएगी। प्रभावित होने वाले मुसाफिर अपने सफर को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के ही रीशेड्यूल कर सकते हैं या रिफंड हासिल कर सकते हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया है कि एयरलाइन बोइंग 777 के लिए सुरक्षा जांच का दायरा बढ़ाएगी। एयर इंडिया की ओर से कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या में की गई अस्थाई कटौती से रिजर्व एयरक्राफ्ट की मौजूदगी बढ़ेगी, जिससे किसी भी गंभीर हालत से ज्यादा असरकारी तरीके से निपटा जा सकेगा। एयरलाइन की ओर से कहा गया है कि शुक्रवार 20 जून से लागू होने वाली नई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की सूची जल्दी ही हर प्लेटफॉर्म पर शेयर की जाएगी।

### क्या रुक्मिणी वसंथ ने जॉइन किया एनटीआर-नील का धुआंधार एक्शन ड्रामा

**मुंबई (अनिल बेदाग)।** एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंथ ने गुरुवार सुबह इंस्टाग्राम पर ऐसा धमाका किया कि सोशल मीडिया पर फैंस की जिज्ञासा सातवें आसमान पर पहुंच गई उन्होंने एक मिरर सेल्फी शेयर की - शायद वैनिटी वैन से - और कैप्शन लिखाः टाइगर टाइगर बर्निंग ब्राइट अब सुनने में भले ही ये एक नॉर्मल लाइन लगे, लेकिन एनटीआर जूनियर के फैंस तो इस हिंट को तुरंत पकड़ गए 'टाइगर' तो एनटीआर का आइकॉनिक टाइटल है, और रुक्मिणी का ये मजेदार कैप्शन आग में घी का काम कर गया। हफ्तों से चर्चा थी कि रुक्मिणी इस धमाकेदार प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं – और अब ये पोस्ट देखकर लोग कह रहे हैं, ओ भाई, अब तो ऑफिसियल अनाउंसमेंट की जरूरत ही क्या है। हालांकि मेकर्स ने अभी तक कोई आधिकारिक कास्ट लिस्ट नहीं दी है।

खास खबर

## सूकी ने मनाया 80वां जन्मदिन

**रंगून।** बरसों से म्यांमार के लोगों के लिए संघर्ष कर रही आंग सान सू गुरुवार को अपना 80वां जन्मदिन मना रही हैं। वह कई सालों से जेल में बंद हैं और म्यांमार के सैन्य शासन ने उनको आजावीन जेल में रखने की सजा दी है। आंग सान सू पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। उनके संघर्ष के लिए आंग सान सू को 32 साल पहले नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया था, लेकिन पश्चिमी देश उनसे नाराज हैं। बता दें रंगून में 19 जून 1945 को आंग सान सू का जन्म हुआ था। इनके पिता आंग सान ने आधुनिक बर्मी सेना की स्थापना की थी। वहीं अंग्रेजों के खिलाफ दूसरे विश्व युद्ध में जापानियों से हाथ मिलाया था। साल 1947 में वह अंग्रेजों से बर्मा की आजादी के लिए बात कर रहे थे, इसी साल विरोधियों ने उनकी हत्या कर दी थी।

## गोलीबारी के बीच महिला ने दिया, तीन बच्चों को जन्म

**जेरूसलम।** इजराइल के यरुशलम में ईरान द्वारा मिसाइल से हमले किए जा रहे थे।सोमवार को इजराइल के बंकर में स्थापित रांबम अस्पताल में एक गर्भवती महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया।इजराइल में सुरक्षा कारणों मे जब बमबारी होती है। उस समय बंकरों में अस्पताल की भी व्यवस्था की गई है।जैसे ही बमबारी शुरू हुई। महिला को बंकर में बने हुए अस्पताल में ले जाया गया। जहां पर उसकी सुरक्षित डिलीवरी हुई।खास बात यह थी,उस महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया।

## शादी के बाद प्रेमी संग भागी विवाहिता

**चंदौली।** उत्तरप्रदेश के जनपद चंदौली में एक मामला सामने आया है। जहां 4 को शादी और 14 जून को विवाहिता फरार हो जाती है। इसके बाद मामले में पुलिस की एंट्री होती है, तब पता चलता है कि विविहिता अपने प्रेमी संग भागी थी। काफी देर की चर्चा के बाद निकर्ष निकलता हैं कि विवाहिता बालिग है और वह अपना फैसला खुद कर सकती है। इसके बाद विवाहिता और उसके प्रेमी का मिलन हो जाता है। दरसअल, सैदपुरा गांव निवासी शमशेर की शादी बीते 4 जून को बड़े धूमधाम हुई। पत्नी खुशी, मवई खुर्द की निवासी है। शादी के बाद सबकुछ ठीक चल रहा था। बीते 14 जून को खुशी अपने पति शमशेर के साथ शॉपिंग करने के लिए निकली। दोनों ने बाजार में चाट का मजा लिया। इसके बाद खुशी अचानक कहीं गायब हुई। पहले पति शमशेर ने सोचा की पत्नी कहीं आस-पास ही होगी। लेकिन तलाश करने पर खुशी का कुछ पता नहीं चला।

## टैंक की सफाई करने उतरे मजदूर की मौत

**फरीदाबाद।** सीकरी गांव में टैंक की सफाई के दौरान एक कर्मचारी की मौत हो गई थी। अब उसकी पत्नी ने मकान मालिक के खिलाफ सेक्टर-58 थाने में मामला दर्ज कराया है। सेक्टर-58 थाने में होडल के रामलीला मैदान के पास रहने वाली अनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके दो बेटी व एक बेटा है। पति आनंद मजदूरी करता था। पति अपनी बहन डोली के पास सीकरी में रहता था। वहीं पर रवि के साथ सोख्ता टैंक साफ करने वाले टैंकर पर काम करता था। 14 मई 2025 को सीकरी निवासी मुकेश उनके पति आनंद व रवि को अपने मकान के सोख्ता टैंक को साफ कराने के लिए घर से बुलाकर ले गया।

# दिल्ली-एनसीआर में कल से 23 तक होगी झमाझम बारिश

▶ यूपी-बिहार के किसानों को राहत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बीच दिल्ली एनसीआर के लिए राहत भरी खबर है। मौसम विभाग का अनुमान है कि कल यानी 20 से 23 जून तक यहां झमाझम बारिश होगी। जबकि बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत मिलने वाली है। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में कुछ दिनों पहले एक-दो जगहों पर अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस को क्रॉस कर गया था। दिल्ली और आसपास के इलाकों में भी प्रचंड गर्मी ने घरों से निकलना दूभर हो



गया था। अब मौसम का मूड बदला गया है। शनिवार देर रात आंधी-तूफान के साथ दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में बारिश हुई। इसके बाद प्री-मानसून की बरसात और दक्षिण-पश्चिम मानसून की आमद की आहट सुनाई पड़ने लगी। दिल्ली-एनसीआर के लिए ताजा मौसम अपडेट जारी किया गया है। देश के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। अगले 24 घंटों के दौरान यह मानसून उत्तर अरब सागर और गुजरात के शेष भागों, राजस्थान के कुछ हिस्सों, मध्य प्रदेश के कुछ और हिस्सों, छत्तीसगढ़ और बिहार के शेष भागों तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ सकता है। एक दवाब का क्षेत्र दक्षिण बांग्लादेश और उससे सटे गंगीय पश्चिम बंगाल पर बना हुआ है। इसके साथ ही एक चक्रवाती सकुर्लेशन 7.6 किमी की ऊंचाई तक फैला हुआ है। यह सिस्टम पश्चिम-उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ेगी और जल्द ही पश्चिम बंगाल के ऊपर और अधिक प्रभावशाली हो जाएगी। इसका असर बिहार से लेकर उत्तर प्रदेश तक में देखने को मिलेगा। बंगाल की खाड़ी मे लगातार नए सिस्टम एक्टिव होने की वजह से पश्चिम बंगाल से लेकर ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ जैसे प्रदेशों में मानसून लगातार आगे बढ़ रहा है। इससे अच्छी बारिश की उम्मीद है। धान का बिचरा गिराने का समय करीब है, ऐसे में किसानों के लिए यह शुभ समाचार है। वहीं, महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। फिलहाल यह दौर थमने वाला नहीं है। कर्नाटक और केरल में भी जोरदार बारिश का दौर जारी है। वर्तमान में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन पूर्वोत्तर राजस्थान और उससे सटे इलाकों पर बना हुआ है।

## ब्रह्मपुत्र नदी में नाव पलटी, पांच स्कूल बच्चों समेत छह लोग लापता



एजेंसी

**नलबाड़ी (असम)।** नलबाड़ी जिले के मुकालमुआ में ब्रह्मपुत्र नदी में गुरुवार सुबह नाव पलटने से पांच स्कूली बच्चों समेत छह लोग लापता हो गए। हालांकि, नाव पर सवार अन्य लोगों को बचा लिया गया है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है।जानकारी के अनुसार नलबाड़ी जिलांतर्गत बरखेत्री सर्कल के मुकालमुआ में ब्रह्मपुत्र नदी में एक यंत्र चालित नाव नादिया चर (नदी का छाड़न वाला क्षेत्र) से लारकुची पाराधरा पारघाट आ रही थी। इसी दौरान नाव दुर्घटना का शिकार हो गयी।जिला प्रशासन के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना के बाद एक वयस्क व्यक्ति और पांच स्कूली छात्र-छात्राएं लापता हैं। हालांकि, विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार है।सूचना मिलते ही एसडीआरएफ और पुलिस की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव अभियान आरंभ किया। एनडीआरएफ के सूत्रों ने बताया है कि टीम मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव अभियान चला रही है। बताया जा रहा है कि नाव पर 20 से 25 लोग सवार थे जिसमें स्कूली बच्चों की संख्या अधिक थी।

# अब एयरपोर्ट के आसपास ऊंची इमारतों पर होगी कार्रवाई

▶ अधिकारियों को ढांचे को गिराने या ऊंचाई कम करने का होगा अधिकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद एयर इंडिया विमान दुर्घटना के बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय (डीजीसीए) ने एक अहम कदम उठाया है। मंत्रालय ने विमान सुरक्षा में जोखिम पैदा करने वाली भौतिक संरचनाओं पर नियंत्रण को कड़ा करने के लिए नए मसौदे और नियम जारी किए हैं। बता दें 12 जून को अहमदाबाद से लंदन का रहा विमान उड़ान भरते ही कुछ दूरी पर जाकर विमान बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल से टकराया और उसमें आग लग गई। इस दुर्घटना में



विमान में सवार 242 में से 241 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद अब केंद्र सरकार कड़े कदम उठा रही है। नए मसौदा नियमों का नाम विमान अवरोधों को गिराने के नियम-2025 रखा गया है। ये नियम राजपत्र में प्रकाशित होते ही लागू हो जाएगा। इनका उद्देश्य एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्रों में ऊंचाई की सीमा से ज्यादा इमारतों और पेड़ों पर त्वरित कार्रवाई के लिए अधिकारियों को अधिकार देना है। इस पहल को विमान मार्गों में आने वाली रुकावटों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक सक्रिय कदम के रूप में देखा जा रहा है। मसौदा नियमों के तहत यदि कोई इमारत तय ऊंचाई से ज्यादा है तो संबंधित क्षेत्र के प्रभारी अधिकारी की ओर से उसे नोटिस जारी किया जाएगा। संपत्ति मालिक को 60 दिनों के अंदर साइट प्लान और ढांचे की माप समेत अन्य विवरण प्रस्तुत करने होंगे। यदि ऐसा नहीं किया गया तो अधिकारियों को ढांचे को गिराने या ऊंचाई कम करने की कार्रवाई का अधिकार होगा। यदि डीजीसीए या कोई अधिकृत अधिकारी किसी ढांचे को नियमों का उल्लंघन मानता है तो वो इसे हटाने या कम करने का आदेश जारी कर सकता है। मालिक को पालन करने के लिए 60 दिन का समय दिया जाएगा, जो उचित कारणों पर और 60 दिन तक बढ़ाया जा सकता है।

## बेंगलुरु में मिले मानव कंकाल से सनसनी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी और भारत की सिलिकॉन वैली के नाम से मशहूर बेंगलुरु की एक हाउसिंग सोसाइटी में मानव कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई है। मामले की जानकारी मिलते ही हरकत में आई स्थानीय पुलिस ने मानव खोपड़ी और कंकाल को जब्त कर छानबीन शुरू कर दी गई है। फिलहाल इसे फॉरेंसिक एनालिसिस के लिए भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, बेंगलुरु के मिको लेआउट स्थित बेगूर के एक अपार्टमेंट परिसर क्रेडेंस फ्लोरा में रह रहे निवासियों को उस समय गहरा झटका लगा जब सफाई के दौरान परकोलेशन पिट से मानव खोपड़ी और हड्डियां बरामद हुईं।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर आकर्षित करती योग मुद्रा



**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट में योग को दशार्ती एक सुंदर और आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। इसमें सूर्य नमस्कार की 12 मुद्राओं को दिखाया गया है । यह भारतीय योग और संस्कृति के महत्व का परिचायक है । दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल तीन के आगमन क्षेत्र में स्थित योगासन का यह दृश्य देखने में आकर्षण है। यहां यात्रियों को एयरपोर्ट पर उतरने के साथ ही शांत और सकारात्मक वातावरण का अनुभव होता है। स्वस्थ जीवन शैली में योग का बहुत महत्व है। इस मूर्ति के निर्माण में तांबे और पीतल का प्रयोग किया गया है। सूर्य नमस्कार योग का एक प्रमुख अंग है। इसके द्वारा संपूर्ण शरीर का योगा होता है । सूर्य नमस्कार को सर्वांगीण आसन बताया जाता है। इस मूर्ति में बारह आसन दिखाए गए हैं। एयरपोर्ट पर आने वाले बड़ी संख्या में लोग इस मूर्ति के सामने सेल्फी लेते हैं। कुछ लोग इन्हें देखकर योग मुद्रा भी बनाने लग जाते हैं।

## उत्तराखंड में पंचायत चुनाव के लिए कल जारी हो सकती है अधिसूचना

एजेंसी

**देहरादून।** हरिद्वार को छोड़ शेष 12 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायतों में पदों व स्थानों के आरक्षण को अंतिम रूप दिया गया है। अब गुरुवार को सभी जिलों से आरक्षण प्रस्ताव मिलने के बाद पंचायती राज निदेशालय और फिर राज्य निर्वाचन आयोग को यह सूची उपलब्ध कराएगा। अगले माह प्रस्तावित पंचायत चुनाव के लिए 21 जून की शाम को आयोग अधिसूचना जारी कर सकता है। 12 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव के लिए अन्य सभी प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी थी, केवल आरक्षण का विषय अटका हुआ था। अब प्रक्रिया भी पूरी हो गई है। सभी जिलों में पंचायतों में पदों व आरक्षण की अंतिम सूची जारी कर दी गई। गुरुवार सुबह तक सभी जिलों से यह सूची पंचायती राज निदेशालय को उपलब्ध होगी। उत्तराखंड सरकार के सूत्रों के मुताबिक पंचायत चुनाव अगले माह के दूसरे सप्ताह में करने की तैयारी हैं। 10 जुलाई को मतदान हो सकता है, जबकि मतगणना 15 जुलाई को। यद्यपि, इस संबंध में अभी सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग के मध्य विमर्श होना है। माना जा रहा है कि यदि सबकुछ ठीक रहा, तब सरकार से विमर्श के बाद आयोग 21 जून की शाम को चुनाव की अधिसूचना जारी कर सकता है।

## इजराइल के अस्पताल पर गिरी ईरानी मिसाइल

**तेल अवीव।** मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच ईरान द्वारा किए गए मिसाइल हमले में इजराइल के एक प्रमुख अस्पताल को नुकसान पहुंचा है, जिससे क्षेत्र में हालात और अधिक विस्फोटक हो गए हैं। इजराइल ने आरोप लगाया है कि ईरान ने नागरिक ठिकानों को जानबूझकर निशाना बनाया, वहीं ईरान ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि हमले का लक्ष्य सैन्य बुनियादी ढांचे थे, न कि अस्पताल। इजराइल के प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, आज सुबह, ईरान के आतंकवादी तानाशाहों ने बेशेर्बा के सोरोका अस्पताल और नागरिक आबादी पर मिसाइलें दागीं।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काटा केक, युवक कांग्रेस ने किया रक्तदान

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य व प्रवक्ता मिन्हाज अहमद छोटे खान ने अपने निवास डंकीगंज में लोकसभा के विपक्षी नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर केक काटकर बधाई दी। इस अवसर पर श्री खान ने राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की सरकार घबराई हुई है। श्री खान ने दावा किया कि राहुल गांधी द्वारा उठाए गए जाति जनगणना के मुद्दे ने बीजेपी को इसे लागू करने के लिए मजबूर किया है। जिला पंचायत सदस्य शिव शंकर चौबे ने राहुल गांधी को बधाई देते हुए कहा कि यूपीए सरकार के दौरान गरीबों, मजदूरों और युवाओं के लिए कई योजनाएं थीं, जो बीजेपी सरकार में बंद हो गईं। जिला पंचायत सदस्य कृष्णा गोपाल चौधरी, राजधर दुबे और रमेश चंद्र प्रजापति पप्पू ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस का खोया जनाधार वापस लौट रहा है। कार्यक्रम



में वरिष्ठ कांग्रेस नेता भोला चौरसिया, सिराज अहमद, हाफिज एजाज मोहम्मद, अनुज मिश्रा, संतोष यादव, डॉ. दिनेश चौधरी, अंकित अग्रहरि, राजेंद्र विश्वकर्मा, रितेश मिश्रा, अशोक गुप्ता, विजय दुबे, संदीप तिवारी, जुग्गी लाल वर्मा, पितर कुमार, शमीम अहमद और सोनू गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अंशू पाण्डेय के नेतृत्व में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर रक्तदान किया गया जिसमें जिला युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अमर दूबे, संकटमोचन त्रिपाठी सहित भारी संख्या में युवा कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, देश भर में 50 कार्यक्रमों के साथ मनाएगा 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

एजेंसी

**कोलकाता।** खान मंत्रालय के अधीन भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) 21 जून 2025 को देश भर में भागीदारी के साथ 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) मनाने के लिए तैयार है। इस वर्ष की थीम ?एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग? को चिह्नित करते हुए, जीएसआई ने अपने कर्मियों और जनता के बीच समग्र स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए देश भर में 46 स्थानों पर 50 कार्यक्रमों की योजना बनाई है।माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, जीएसआई कोलकाता में अपने केंद्रीय मुख्यालय, क्षेत्रीय और राज्य इकाई कार्यालयों, 12 भू-विरासत स्थलों, 6 ड्रिलिंग फील्ड कैंपों और 3 प्रशिक्षण केंद्रों में निर्देशित योग सत्र आयोजित करेगा। इस पहल में जीएसआई कर्मियों, स्कूली छात्रों और स्थानीय समुदायों के सदस्यों सहित 3,000 से अधिक प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है। जीएसआई अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के लिए 1-दिवसीय उलटी गिनती कार्यक्रम में भी भाग लेगा, जो माननीय केंद्रीय कोयला और खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी के साथ लाइव योग सत्र है, जो 20 जून 2025 को हैदराबाद में होने वाला है। इस समन्वित पहल के माध्यम से, जीएसआई स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, साथ ही अपने वैज्ञानिक समुदाय और व्यापक जनता के बीच जागरूकता और भागीदारी को बढ़ावा देता है, जो योग के सिद्धांतों और अभ्यास को आगे बढ़ाने के दृष्टिकोण के साथ संरेखित है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के बारे में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) की स्थापना 1851 में मुख्य रूप से रेलवे के लिए कोयला भंडार खोजने के लिए की गई थी। पिछले कुछ वर्षों में, जीएस1 न केवल देश के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यक भू-विज्ञान सूचनाओं के भंडार के रूप में विकसित हुआ है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय ख्याति के भू-वैज्ञानिक संगठन का दर्जा भी प्राप्त किया है। इसके मुख्य कार्य राष्ट्रीय भू-वैज्ञानिक सूचनाओं और खनिज संसाधन मूल्यांकन को बनाने और अद्यतन करने से संबंधित हैं। इन उद्देश्यों को जमीनी सर्वेक्षण, हवाई और समुद्री सर्वेक्षण, खनिज पूर्वेक्षण और जांच, बहु-विषयक भूवैज्ञानिक, भू-तकनीकी, भू-पर्यावरण और प्राकृतिक खतरों के अध्ययन, हिमनद विज्ञान, भूकंप-विवर्तनिक अध्ययन और मौलिक अनुसंधान के माध्यम से प्राप्त किया जाता है। जीएसआर की मुख्य भूमिका में नीति निर्धारण निर्णयों, वाणिज्यिक और सामाजिक-आर्थिक आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए सभी प्रकार की वस्तुनिष्ठ, निष्पक्ष और अद्यतन भूवैज्ञानिक विशेषज्ञता और भूवैज्ञानिक जानकारी प्रदान करना शामिल है। जीएसआई भारत और उसके अपतटीय क्षेत्रों की सतह और उपसतह दोनों तरह की सभी भूवैज्ञानिक प्रक्रियाओं के व्यवस्थित दस्तावेजीकरण पर भी जोर देता है। संगठन नवीनतम और सबसे अधिक लागत प्रभावी तकनीकों और पद्धतियों का उपयोग करके भूवैज्ञानिक, भूभौतिकीय और भू-रासायनिक सर्वेक्षणों के माध्यम से इस कार्य को अंजाम देता है। सर्वेक्षण और मानचित्रण में जीएसआई की मुख्य क्षमता स्थानिक डेटाबेस (रिमोट सेंसिंग के माध्यम से प्राप्त किए गए सहित) के संचय, प्रबंधन, समन्वय और उपयोग के माध्यम से लगातार बढ़ रही है। यह इस उद्देश्य के लिए एक 'भंडार' के रूप में कार्य करता है और भू-सूचना विज्ञान क्षेत्र में अन्य हितधारकों के साथ सहयोग और सहभागिता के माध्यम से भूवैज्ञानिक सूचना और स्थानिक डेटा के प्रसार के लिए नवीनतम कंप्यूटर-आधारित तकनीकों का उपयोग करता है। जीएसआई का मुख्यालय कोलकाता में है, जिसके छह क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ, इरोड, नागपुर, हैदराबाद, शिलांग और कोलकाता में स्थित हैं और देश के लगभग सभी राज्यों में राज्य इकाई कार्यालय हैं। जीएसआई खान मंत्रालय से जुड़ा हुआ कार्यालय है।

## भय के वातावरण के बाद अब पटरी पर लौट रहा जम्मू-कश्मीर का पर्यटन

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद जिस असुरक्षा और भय का वातावरण पैदा होने की बात कही जा रही थी, वह अब खत्म हो रहा है। कश्मीर तक वंदे भारत ट्रेन के चलने और अमरनाथ यात्रा से पर्यटन फिर पटरी पर लौटने लगा है, जिससे स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। पर्यटकों की बढ़ती भीड़ और अमरनाथ यात्रा को देखते हुए सरकार ने बैसरन हमले के बाद बंद किए गए 50 पर्यटन स्थलों में से 16 को फिर खोल दिया है। उम्मीद की जा रही है कि सरकार अन्य पर्यटन स्थलों को भी जल्द ही खोल देगी। चंद दिनों में अमरेश्वर धाम की तीर्थयात्रा भी शुरू हो रही है। यह तीर्थयात्रा भी आतंकियों के निशाने पर रहती है। अगर तीर्थयात्रा आतंकी अपने किसी नापाक मंसूबे में सफल रहते हैं तो कश्मीर का पर्यटन पूरी तरह से पटरी से उतर जाएगा। ऐसा हुआ तो कश्मीर की अर्थव्यवस्था को भी बड़ा नुकसान पहुंचेगा। आम लोगों को भी ऐसे तत्वों के प्रति सचेत रहना होगा जो माहौल बिगाड़ने का षड्यंत्र रच रहे हैं।

# कठिन बाधाओं का सामना कर इस मुकाम पर हूं: नमिता चड्ढा

एजेंसी


**नई दिल्ली।** अधिवक्ता नमिता चड्ढा, चड्ढा एंड कंपनी की सह-संस्थापक, एक ऐसी महिला का बेहतरीन उदाहरण हैं, जिन्होंने पेशेवर बाधाओं का सामना करने के बावजूद पुरुष प्रधान क्षेत्र में तरक्की की है। उनके सफल करियर ग्राफ को देखते हुए, कोई भी निश्चित रूप से कह सकता है कि उन्होंने पुरुषों के क्षेत्र में एक अग्रणी महिला होने का परिचय दिया है। कड़ी मेहनत, दृढ़ता, लगातार उच्च गुणवत्ता प्रदान करने और कभी-कभी अपनी अपेक्षाओं में अनुचित होने का कोई विकल्प नहीं है। इसके अलावा, थोड़ी सी किस्मत कभी किसी को नुकसान नहीं पहुँचाती, हालाँकि जैसा कि किसी ने एक बार कहा था, मैं जितनी कड़ी मेहनत करता हूँ, मैं उतना ही भाग्यशाली होता हूँ, नमिता, जो अग्रणी कॉर्पोरेट और वाणिज्यिक कानून फर्म, चड्ढा एंड कंपनी के पीछे की महिला हैं, कहती हैं। यह फर्म 40 से अधिक देशों और भारत में व्यापार करने वाली विभिन्न उद्योगों की विदेशी कंपनियों को उनके भारत में प्रवेश, उनके प्रवेश की संरचना, उनके भारतीय परिचालन की स्थापना और उनके परिचालन शुरू करने के बाद उन पर प्रभाव डालने वाले सभी कानूनी और नियामक मामलों पर सलाह देने में माहिर है। आज, चड्ढा एंड कंपनी अपनी उच्च गुणवत्ता, व्यावहारिक, सक्रिय और लागत प्रभावी कानूनी सलाह के लिए प्रतिष्ठित है, और अंतरराष्ट्रीय कानून फर्मों के साथ अच्छी तरह से जुड़ी हुई



है। नमिता के मुख्य अभ्यास क्षेत्र बहु-न्यायालयीय मुकदमेबाजी और विवाद समाधान नियामक मुद्दे, प्रतिस्पर्धा कानून, सफेदपोश अपराध और वाणिज्यिक धोखाधड़ी, श्रम और रोजगार और रिश्वत विरोधी उससे पूछें कि कानून के कीड़े ने उसे कैसे काटा और उसने बताया, मैं चुपचाप और ध्यान से अलमारी के पीछे से अपने पिता की गहन बातचीत सुनती थी जो उनके मुवक्किलों और सहकर्मियों के साथ होती थी, और वह अपने स्टेनो को अपनी दो किताबों के लिए जो संयमित निर्देश देते थे, उससे मैं कानून के बारे में उत्साहित और उत्सुक महसूस करती थी। एक लड़की के रूप में, मेरे पास हमेशा बातचीत और चर्चा करने का सहज कौशल था। एक वकील पिता होने के कारण मेरे कौशल स्वाभाविक रूप से निखर कर आए और मेरे माता-पिता को समझाने की मेरी सहज क्षमता के साथ-साथ मेरे तर्कशील स्वभाव ने मुझे यह पेशा चुनने में मदद की। जब नमिता बड़ी हुई, तो उसे पता था कि उसके पास बड़े सपने देखने, एक सफल पेशेवर बनने और दूसरों के लिए कुछ अलग करने के लिए जीवन जीने का साहस है। कानून का पेशा इस खोज का उत्तर प्रतीत होता था। शक्ति, समृद्धि और ग्लैमर निकट थे और प्राप्त करने योग्य प्रतीत होते थे। मेरे करियर को आकार देने में मेरे शिक्षकों का बहुत बड़ा योगदान है, जिन्होंने मेरे छात्र जीवन के हर कदम पर और उसके बाद भी मुझे प्रोत्साहित किया और मेरा मार्गदर्शन किया, गतिशील महिला कहती हैं। उनके पिता हमेशा से ही उनके प्रेरणा स्रोत रहे हैं। उन्होंने नमिता में आत्मविश्वास जगाया और उसे समझाया कि अगर बाधाएं हैं, तो उम्मीदें भी हैं। साथ ही, वह अपने पति, माता-पिता, ससुराल वालों, बेटी, एक प्यारे दोस्त और सहकर्मी, एक मजबूत और प्रतिबद्ध टीम और पेशे के अंदर और बाहर के दोस्तों का प्यार और समर्थन पाने के लिए भाग्यशाली रही हैं। पहले से ही प्रतिस्पर्धी और भीड़भाड़ वाले कानूनी बाजार में अपना पैर रखते हुए, नमिता ने देखा कि भारत में व्यापार करने वाली विदेशी कंपनियों की जरूरतें शायद कम थीं। इसी वजह से उनकी फर्म की शुरूआत हुई। वह कहती हैं, हम भाग्यशाली थे कि हमारी फर्म स्थापित करने के कुछ ही दिनों के भीतर, एक प्रमुख जापानी कंपनी ने हमारी सेवाएँ लेने का फैसला किया। कहने की जरूरत नहीं है कि मैंने और मेरे सहकर्मियों ने उस समय क्लाइंट को समय पर उच्च गुणवत्ता वाली कानूनी सलाह देने के लिए बहुत मेहनत की।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश के ब्लैक बॉक्स की जांच अब अमेरिका में होगी

एजेंसी



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे में ब्लैक बॉक्स मिलने के बाद उम्मीद की जा रही थी कि हादसे के ठीक कारणों का पता चल जाएगा, लेकिन अब ऐसा होता नहीं दिख रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विमान हादसा इतना भयानक था कि विमान का ब्लैक बॉक्स भी क्षतिग्रस्त हो गया है। ऐसे में इससे डाटा निकालना मुश्किल है। अब इस ब्लैक बॉक्स को अमेरिका भेजने की तैयारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि अहमदाबाद विमान हादसे में बरामद ब्लैक बॉक्स का डाटा रिकवर करने अमेरिका भेजा जाएगा। इस मामले पर भारत सरकार की तरफ से जल्द ही फैसला लिया जाएगा। वाशिंगटन डीसी का नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड इसकी जांच करेगा। इस ब्लैक बॉक्स के साथ एक भारतीय दल भी भेजा जाएगा, जो जांच के दौरान सभी प्रोटोकॉल की निगरानी करेगा। ब्लैक बॉक्स अपने आप में दो डिवाइस होता है। इसमें कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर और फ्लाइट डाटा रिकॉर्डर होता है। इसमें सीवीआर और एफडीआर लगा होता है जो उड़ान के दौरान सारी जानकारियां इकट्ठा करता रहता है। ये एक ऐसा उपकरण होता है, जो किसी विमान, हेलीकॉप्टर में लगाया जाता है। उड़ान के दौरान ये डिवाइस अहम जानकारी इकट्ठा करता है।



# सान्या मल्होत्रा ने अपने सिग्नेचर माचा ब्लेंड के साथ एंटरप्रेन्योरशिप में कदम रखा

ऐसी इंडस्ट्री में जहाँ रफ्तार अक्सर ठहराव पर हावी हो जाती है, सान्या मल्होत्रा ने एक अलग राह चुनने का फैसला किया है। अपनी दमदार अभिनय क्षमता और ज़मीन से जुड़ी सादगी के लिए मशहूर, इस प्रशंसित अभिनेत्री ने अब अपने नाम के आगे एंटरप्रेन्योर का टैग भी जोड़ लिया है। अपना खुद का माचा वेंचर शुरू किया है, जो उनके व्यक्तिगत जीवन दर्शन– संतुलन, शांति और सजग जीवनशैली– को दर्शाता है। सान्या मल्होत्रा ने डॉ. कुणाल शाह और सिद्धार्थ शाह, जो कि क्लीन–लेबल वेलनेस में एक विश्वसनीय नाम, एसेंज़ा न्यूट्रिशन के संस्थापक हैं, उनके साथ साझेदारी की है, इस साझेदारी के तहत उन्होंने ब्री माचा नाम की एक प्रीमियम लाइफस्टाइल ब्रांड पेश किया है, जो पारंपरिक जापानी चाय संस्कृति की शांति, स्पष्टता और अनुष्ठान से प्रेरित है। यह नई वेलनेस पेशकश सिर्फ़ एक व्यावसायिक कदम नहीं है, बल्कि यह सान्या की एक निजी आदत को सार्वजनिक रूप देने जैसा है। सान्या मल्होत्रा ने कहा, ऐसे समय में जब सब कुछ तत्कालिन लगता है, ब्री माचा मुझे धीमा होने और सोच–समझकर काम करने की व्यक्तिगत याद दिलाता है। यह एक एसा अनुष्ठान है जिस पर मैं गहराई से विश्वास करती हूं, और मुझे गर्व है कि मैं कुछ ऐसा बना रही हूं जो प्राकृतिक ऊर्जा और शांतिपूर्ण फोकस को समर्थन देता है। वेलनेस और लाइफस्टाइल की दुनिया में उनका यह कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है, जहाँ सेलिब्रिटी न केवल उत्पादों का प्रचार कर रहे हैं, बल्कि उन्हें नए सिरे से बना रहे हैं।
सान्या मल्होत्रा की नई पहल स्वच्छ ऊर्जा, मानसिक स्पष्टता और सोच–समझकर जीने के मूल्यों को बढ़ावा देती है। जो उनकी अपनी शांत आभा और स्टारडम के प्रति विचारशील दृष्टिकोण को दर्शाता है। और जब वह अपनी एंटरप्रेन्योरशिप की नई कहानी लिख रही हैं, सान्या का अभिनय करियर भी पूरी रफ़्तार पर है। 'मिसेज' में उनके शानदार प्रदर्शन जिसे दर्शकों और आलोचकों दोनों ने समान रूप से सराहना की है, वहीं ठग लाइफ के हाई–एनर्जी ट्रैक जिंगुचा में उनके जबरदस्त प्रदर्शन ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है, जिसमें उनकी गहन उपस्थिति और सहज करिश्मा को सराहा जा रहा है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी जैसी बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं और अनुराग कश्यप और बॉबी देओल के साथ एक रोमांचक सहयोग के साथ, सान्या ध्यानपूर्वक ब्रांडिंग और आकर्षक परफॉर्मेंस से परिवर्तन की दोनों दुनियाओं को सहजता से संतुलित कर रही हैं।



# तृप्ति डिमरी की लव स्टोरी पर लगा ब्रेक



हीरोइन नंबर वन बनने को बेकरार अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार फहाद फासिल के साथ प्रस्तावित निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म अनिश्चतकाल के लिए स्थगित हो गई है। ये फिल्म रिलायंस एंटरटेनमेंट के साथ बनी इम्तियाज की साझा कंपनी विंडो सीट फिल्म्स के बैनर तले बननी है, लेकिन रिलायंस के सूत्र बताते हैं कि इस फिल्म के लिए अभी तक बजट मंजूर नहीं हुआ है। जानकारी के मुताबिक फहाद फासिल ने भी फिल्म के लिए आवंटित तारीखें अब दूसरी फिल्मों को दे दी हैं। फिल्म 'एनिमल' में फिल्म में मिले उपनाम भाभी 2 को लेकर सोशल मीडिया पर खूब ट्रेंडिंग रहीं अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का करियर इन दिनों नई उड़ान पर है। हालांकि, इस फिल्म के बाद आई उनकी दो फिल्में 'बैड न्यूज' और 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' फ्लॉप रहीं लेकिन फिल्म 'भूल भुलैया 3' ने उनकी पोजीशन फिर संभाल ली है। इस फिल्म के बाद से ही तृप्ति की मांग काफी बढ़ चुकी है।
इस साल की उनकी पहली फिल्म 'धड़क 2' अब जल्द रिलीज होने वाली है। तृप्ति डिमरी की इस साल की पहली फिल्म की रिलीज जैसे जैसे करीब आती जा रही है, उनको अपनी फिल्मों में लेने वाले निर्माता–निर्देशकों की सांसें तेज होती जा रही है। 1 अगस्त को रिलीज होने जा रही तृप्ति की फिल्म 'धड़क 2' में उनके हीरो सिद्धांत चतुर्वेदी की सिनेमाघरों में सोलो लीड वाली ये दूसरी फिल्म होगी। सिद्धांत का जैसा हाल बॉक्स ऑफिस पर रहा है, उससे खुद तृप्ति की भी रातों की नींद उड़ी हुई है।
गौरतलब है कि सिद्धांत की पिछली फिल्म 'युधरा' रिलीज के पहले दिन ही फ्लॉप घोषित हो गई थी। इस बीच तृप्ति डिमरी हाल ही में दीपिका पादुकोण द्वारा छोड़ी गई फिल्म 'स्पिरिट' के लिए अभिनेता प्रभास के साथ साइन होने के बाद से सुर्खियों में हैं। दीपिका ने ये फिल्म काम के घंटे तय न होने के चलते छोड़ी है। तृप्ति के पास 'स्पिरिट' के ही निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल पार्क' भी है जिसमें वह फिल्म 'एनिमल' का अपना किरदार आगे बढ़ाती नजर आएंगी।
इतनी उथल पुथल के बीच हालांकि इम्तियाज अली वाली फिल्म की शूटिंग शुरू न हो पाने का सीधा असर तृप्ति की दूसरी फिल्मों पर भी जरूर पड़ेगा। उधर, विंडो सीट फिल्म्स के सूत्रों के मुताबिक अभी निर्देशक इम्तियाज अपनी जिस फिल्म में व्यस्त हैं, उसकी रिलीज अगले साल बैसाखी पर प्रस्तावित है। फहाद और तृप्ति की फिल्म की शूटिंग अगर शुरू हुई तो उसके बाद ही हो सकेगी।

# 'डॉन 3' में कियारा को रिप्लेस करेंगी कृति सेनन!

कृति सेनन इन दिनों अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी बीच अब खबरें आ रही हैं कि एक्ट्रेस फिल्म डॉन 3 में नजर आ सकती हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें जब पैपराजी ने कृति को लेडी डॉन कहकर बुलाया, तो वह मुस्कुरा दीं। इसके बाद से यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि कियारा आडवाणी की जगह अब कृति सेनन फिल्म में नजर आ सकती हैं। कृति सेनन मुंबई में किसी इवेंट में शिरकत करने पहुंची थीं। जैसे ही वह बाहर आईं, पैपराजी ने उन्हें पोज देने के लिए कहा। इसी दौरान पहले उन्हें परम सुंदरी कहकर पुकारा गया और फिर डॉन–डॉन की आवाजें आने लगीं। इतना ही नहीं, एक फोटोग्राफर ने उन्हें लेडी डॉन भी कह दिया। यह सुनते ही कृति ने कोई जवाब तो नहीं दिया, लेकिन वह मुस्कुराती हुई नजर आईं।
रिपोर्ट के मुताबिक, कृति सेनन ने फिल्म डॉन 3 में रणवीर सिंह के साथ काम करने के लिए हामी भर दी है। अभी उन्होंने फिल्म साइन नहीं की है, लेकिन जल्दी ही कर सकती हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि डायरेक्टर फरहान अख्तर और



उनकी टीम को ऐसी एक्ट्रेस चाहिए थी जो अच्छी एक्टिंग करे और जिसका स्क्रीन पर दमदार असर हो और कृति इस रोल के लिए एकदम सही लगीं। हालांकि, इसको लेकर अब तक कोई भी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

**2026 में रिलीज होगी फिल्म डॉन 3**

बता दें, डॉन 3 फिल्म में रणवीर सिंह नजर आएंगे। इस फिल्म में पहले उनके अपोजिट कियारा आडवाणी नजर आने वाली थीं। लेकिन प्रेग्नेंसी की वजह से उन्होंने यह मूवी छोड़ दी है। यह फिल्म साल 2026 में रिलीज हो सकती है।




# रानी चटर्जी ने शुरू की फिल्म परिणय सूत्र की शूटिंग

भोजपुरी अदाकारा रानी चटर्जी के लिए यह साल काफी धमाकेदार है। एक के बाद एक फिल्में उनके हाथ लग रही हैं। हाल ही में उनकी फिल्म प्रिया ब्यूटी पार्लर यूट्यूब पर रिलीज हुई। इसके बाद उन्होंने घमंडी बहू की शूटिंग पूरी की। अब रानी के हाथ एक और फिल्म लगी है, जिस पर उन्होंने काम शुरू कर दिया है।


## राकेश बाबू के साथ जमेगी जोड़ी

रानी चटर्जी की अगली फिल्म का नाम है परिणय सूत्र। हाल ही में पूजा सेरेमनी के साथ इस पर काम शुरू हुआ है। आज मंगलवार को अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से मुहूर्त पूजा की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इस फिल्म में रानी के साथ राकेश बाबू लीड रोल में हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म में रानी और राकेश पति–पत्नी की भूमिका अदा करेंगे।

# क्या पापा आमिर की कोई भूमिका परदे पर करना चाहेंगे जुनैद



जुनैद खान ने फिल्म महाराज से एक्टिंग डेब्यू किया, जो ओटीटी पर रिलीज हुई थी। फिर 'लवयापा' से बड़े परदे पर डेब्यू किया। इससे पहले जुनैद खान थिएटर भी कर चुके हैं। हाल ही में जुनैद खान ने पिता आमिर खान से तुलना होने पर प्रतिक्रिया दी। साथ ही यह भी बताया कि क्या वे अपने पिता का कोई किरदार परदे पर निभाना चाहेंगे? अभिनेता जुनैद खान यह मानते हैं कि फिल्मी परिवार से होने का उन्हें फायदा मिला है। साथ ही यह भी कहा कि वे चाहते हैं कि उनकी पहचान अपनी प्रतिभा के बूते हो। हाल ही में एक इंटरव्यू में जुनैद ने कहा कि आमिर खान का बेटा होने के कारण उनके लिए चीजें आसान हो जाती हैं। साथ ही उन्होंने कहा, मैं एक बहुत अमीर परिवार से आता हूं। पापा का सम्मान किया जाता है, उन्हें प्यार किया जाता है और वे पावरफुल हैं। कुछ प्रिविलेज भी हैं, जिनका मुझे फायदा मिलता है। जुनैद से जब पूछा गया कि अपने पिता के प्रभाव के बिना क्या उनका करियर अलग होता? इस पर जुनैद ने कहा, हां, आदि चोपड़ा जानते हैं कि मैं कौन हूं, क्योंकि मैं आमिर खान का बेटा हूं। वे पृथ्वी थिएटर में नाटक देखने नहीं आते। ज्यादातर लोग मुझे इसलिए जानते हैं, क्योंकि मैं आमिर खान का बेटा हूं। लेकिन मैं भाग्यशाली हूं कि मेरी तुलना उनसे करने वाले बहुत कम लोग हैं। मूल रूप से लोग मुझे मेरे अब तक के करियर में मेरी प्रतिभा की वजह से आंकते हैं, जो एक तरह से अच्छी बात है। अगर मेरी तुलना मेरे पिता से की जाएगी तो यह मुश्किल होगा।
जुनैद खान के मुताबिक आमिर खान ने महाराज के निर्माण के दौरान उन्हें गाइड किया, लेकिन उनके एक्टिंग चॉइस को आकार देने से दूर रहे। जुनैद ने कहा कि पापा का महाराज से ज्यादा लेना–देना नहीं था। उन्होंने कहानी सुनी और उसे पसंद किया, लेकिन मुझसे पूछा कि क्या मैं श्योर हूं कि अपने करियर की शुरुआत में ही इतनी बड़ी फिल्म करना चाहता हूं। उन्होंने फिल्म का फाइनल कट देखा और उन्हें वह पसंद आया। जुनैद ने कहा कि अगर आपको किसी सलाह की जरूरत है तो पापा हमेशा एक प्रैक्टिकल सलाह देंगे। जैसे कि वे उन लोगों में से नहीं हैं, जो सिर्फ अभिनय के टिप्स देंगे।



# 'हेरा फेरी 3' और परेश रावल की वापसी पर अक्षय कुमार ने तोड़ी चुप्पी

**पिछले दिनों 'हेरा फेरी 3' का हिस्सा बनने के बाद परेश रावल ने इस फिल्म से किनारा कर लिया। परेश रावल इस फैंचाइज से अलग हुए तो फैंस को बुरा लगा। साथ ही मामले ने कानूनी रूप भी ले लिया। अक्षय कुमार ने बतौर प्रोड्यूसर परेश रावल को नोटिस भेजा है। फिल्म के नुकसान के बदले 25 करोड़ की डिमांड की थी। इसका जवाब भी परेश रावल ने कोर्ट में देने की बात कही।**

हाल ही में अक्षय कुमार के सुर कुछ बदले से नजर आए। फिल्म 'हेरा फेरी 3' को लेकर अक्षय कुमार ने बड़ी बात कह दी है। अक्षय ने जो कहा है, उससे यह उम्मीद जागती है कि परेश रावल दोबारा इस फिल्म का हिस्सा बन सकते हैं?

## अक्षय कुमार की बातों से मिला बड़ा इशारा

हाल ही में पिंकविला से की गई बातचीत में अक्षय कुमार कहते हैं, 'जो कुछ भी हो रहा है, वह आपके सामने हो रहा है। मैं अपनी फिंगर क्रॉस करके रख रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि सब कुछ ठीक रहेगा।' वह फैंस को दोबारा भरोसा दिलाते हुए कहते हैं, 'सब कुछ ठीक ही होगा। मुझे पक्का पता है।' यह जवाब अक्षय कुमार फिल्म 'हेरा फेरी 3' को लेकर देते हैं।

## परेश रावल ने भी हिंट दिया

कुछ दिन पहले ही परेश रावल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वह गीता बसरा से मिल रहे है। इस वीडियो में परेश रावल ने जो टी– शर्ट पहनी है, उस पर यूजर्स का ध्यान गया। दरअसल, परेश की टी– शर्ट पर लिखा था, डोंट क्विट।' इस शब्द को पढ़कर फैंस को लगा कि परेश रावल 'हेरा फेरी 3' को लेकर कोई हिंट दे रहे हैं।

## फैंस को 'हेरा फेरी 3' से गहरा लगाव क्यों?

जब से फिल्म 'हेरा फेरी 3' से परेश रावल अलग हुए, फैंस काफी दुखी है। इस फिल्म में वह बाबू भैया का रोल निभाते थे, अक्षय कुमार राजू और सुनील शेट्टी श्याम के रोल में दिखते हैं। इन तीनों की जोड़ी को फिल्म में दर्शक काफी पसंद करते हैं। फैंस का मानना है कि बाबू भैया के बिना तो फिल्म बन ही नहीं सकती है।

# कॉमेडी में हाथ आजमाना चाहते हैं मोहित रैना

अभिनेता मोहित रैना को टीवी शो देवों के देव महादेव में भगवान शिव की भूमिका के लिए जाना जाता है। इसके अलावा वे शिद्दत और उरी जैसी फिल्मों में भी अहम रोल अदा कर चुके हैं। बीते दिनों रिलीज हुई सीरीज कनखजूरा में मोहित रैना नेगेटिव रोल में नजर आए। उन्होंने अपने इस किरदार को लेकर हाल ही में बात की। मोहित रैना का कहना है कि वे परदे पर अच्छे इंसान की भूमिकाओं से बाहर निकलना चाहते थे। तभी कनखजूरा उनके पास आई। बातचीत में मोहित रैना ने कहा, मैं जानबूझकर कुछ और नहीं कर रहा था, क्योंकि मैं एक्सपेरिमेंट करना चाहता था। और यही वह समय था, जब यह मौका मेरे पास आया और मैंने इसे लपक लिया।

## कॉमेडी में भी दिखाई दिलचस्पी

उन्होंने कॉमेडी जेनर में भी काम करने के लिए उत्सुकता जाहिर की। एक्टर ने कहा, कॉमेडी ऐसी चीज है, जिसे मैं करना चाहता हूं। बता दें कि कनखजूरा इजरायली सीरीज 'मैगपाई' का एडेप्टेशन है। इसमें मोहित रैना और रोशन मैथ्यू मुख्य किरदारों में है। यह सीरीज सोनी लिव पर मौजूद है।



# नोएडा प्राधिकरण ने दो कंपनियों पर लगाया 6 लाख का जुर्माना



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण ने डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली कंपनी पर एक लाख और मैकेनिकल स्वीपिंग कंपनी पर 5 लाख का जुर्माना लगाया है। दोनों ही कंपनियों के कार्य में लापरवाही नजर आई। ये जुर्माना नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने निरीक्षण के दौरान लगाया। उनके साथ जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

सीईओ लोकेश ने सेक्टर–35 मोरना के बाहर गारबेज पाइंट व एमपी–3 और सेक्टर–52 मेट्रो स्टेशन के नीचे गारबेज देखा। इसके अलावा होशियारपुर गांव में भी जगह जगह कूड़ा पड़ा पाया गया। ऐसे में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली कंपनी एजी इनवायरों इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया।

एमपी–3 पर मोरना सर्विस रोड, सुरभि अस्पताल के बाहर, सेक्टर–34 की सर्विस रोड , होशियारपुर की सर्विस रोड , सेक्टर–39 की सर्विस रोड , बोटेनिकल गार्डन और लॉजिक्स मॉल के बाहर कूड़े के ढेर के अलावा सड़क किनारे मिट्टी पाई गई। ऐसे में मैकेनिकल स्वीपिंग एजेंसी लॉयन सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। साथ ही ब्लैक लिस्ट करने के लिए अंतिम नोटिस जारी किया गया।

# साझा की मोदी सरकार की 11 सालों की उपलब्धियां

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नोएडा विधानसभा क्षेत्र के श्यामा प्रसाद मुखर्जी मण्डल, कृष्णा मण्डल व महाराणा प्रताप मण्डल के शक्ति केंद्रों पर जन चौपाल कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य वक्ता सोशल मीडिया संयोजक शिवांश श्रीवास्तव 'सरजी' ने कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों को संबोधित किया।




अपने संबोधन में शिवांश श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों को विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में नागरिकों ने भी मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना और जन धन योजना के लाभ साझा किए और सरकार के कार्यों की सराहना की।

श्री शिवांश ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य सिर्फ चुनाव नहीं बल्कि हर नागरिक तक विकास की रोशनी पहुँचाना है।

जन चौपाल में मण्डल अध्यक्ष मनीष तिवारी, दीनबंधु कुशवाहा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक मिश्रा, बबलू यादव, सोशल मीडिया के पंकज त्रिपाठी, टीके भाटी, श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव व कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक और महिलाओ की सक्रिय भागीदारी रही।

# योग दिवस को लेकर भाजपा अध्यक्ष ने किया स्टेडियम का निरीक्षण



**नोएडा ( चेतना मंच )।** आगामी 21 जून को नोएडा स्टेडियम में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर के जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने कार्यकर्ताओं के साथ इनडोर स्टेडियम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान महेश चौहान ने कहा कि योग दिवस का यह भव्य आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में योग के प्रचार–प्रसार का प्रतीक बन चुका है। नोएडा में आयोजित यह कार्यक्रम भी इसी कड़ी में एक महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान फ्री हेल्थ चेकअप कैम्प भी आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा अमित त्यागी, जिला आयुष अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार, सुशील शर्मा, मुकेश शर्मा, ओमवीर अवाना, विनोद कुमार, भूपेश चौधरी, मनोज चौहान, बबलू यादव, राहुल शर्मा, प्रसनजीत मैत्रा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महारोजगार मेला पहुंचे युवक कांग्रेस के नेता

**नोएडा (चेतना मंच)।** पश्चिम उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस

## राहुल गांधी से मिलकर दी जन्मदिन की बधाई

प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला के नेतृत्व में महा रोजगार मेला में पहुंचे भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में पहुंचे। इस मौके पर गौतमबुद्धनगर युवा कांग्रेस जिलाअध्यक्ष जावेद खान ,प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस शहाबुद्दीन, मथुरा युवा कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश बघेल, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव एडवोकेट अमान धन तिवारी, प्रदेश महासचिव नन्द किशोर, मुजफ्फरनगर यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष आकाश त्यागी मुजफ्फरनगर सदर विधानसभा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष कामरान त्यागी, प्रदेश महासचिव अकिब राना, मुरादनगर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अंबुज शर्मा,जिला युवा कांग्रेस सचिव श्याम दीक्षित, जिला सचिव युवा कांग्रेस प्रेम शाह, युवा कांग्रेस जिला महासचिव दीपक चौहान, कांग्रेस नेता राजेंद्र भारद्वाज, जिला सचिव आजाद खान ,मुकुल केवट, जयराम, संभल जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस अंसार अब्बासी, फैजान अंसारी, कांग्रेस नेता एस के एस राणा, गुरबिन चंदेला व अन्य लोग मौजूद रहे।





इस मौके पर राहुल गांधी की जन्मदिन पर युवक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव प.उ.प्र शाहबुददीन ने कांग्रेस कार्यालय जाकर राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई दी।

# जिला जज व डीएम ने किया कारागार का निरीक्षण

## बंदियों से की मुलाकात, सुविधाओं का लिया जायजा

**नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर मलखान सिंह एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से जिला कारागार गौतमबुद्धनगर का स्थलीय निरीक्षण किया।








निरीक्षण के दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने बैरक परिसर, कार्यालय भवन, मेस, स्वच्छता इकाई, प्रशिक्षण केंद्र, पुस्तकालय, सांस्कृतिक कक्ष, वर्मी कंपोस्ट इकाई एवं जेल ग्रीन थेरेपी स्थल सहित पूरे कारागार परिसर का गहन निरीक्षण किया।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक द्वारा कारागार में संचालित विभिन्न सुधारात्मक, पुनर्वास एवं आत्मनिर्भरता से संबंधित गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

निरीक्षण की शुरुआत जेल परिसर के सभागार से हुई, जहां माननीय न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी ने महिला बैरक में रह रही बंदियों से संवाद किया। उन्होंने बंदी महिलाओं से उनकी दिनचर्या, समस्याएं एवं आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उनके साथ रह रहे छोटे बच्चों को खिलौने एवं अन्य उपयोगी सामग्री भी भेंट की गई, जिससे वहां मानवीय संवेदनाओं की झलक देखने को मिली।

बंदी महिलाओं से वार्ता करने के उपरांत कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र एवं सैलून कक्ष का दौरा किया। जनपद न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी द्वारा पुस्तकालय, आर्ट एंड डांस रूम तथा इंडिया विजन फाउंडेशन द्वारा संचालित एलईडी एवं इलेक्ट्रिकल प्रशिक्षण कक्ष का अवलोकन किया गया। उन्होंने बंदियों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे चित्रकला, गायन, नृत्य तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को देखकर प्रसन्नता जताई और ऐसे प्रयासों को बंदियों के मानसिक और रचनात्मक विकास की दिशा में प्रभावी बताया।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट मयंक त्रिपाठी, एडिशनल सीपी लॉयन ऑर्डर राजीव नारायण मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग कंचन सिंह, जेल अधीक्षक, डिप्टी जेलर, प्रशिक्षण से जुड़े अधिकारी एवं अन्य कारागार कर्मी उपस्थित रहे।

## जन्मदिन की बधाई



**गुलावली गांव निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता उधम पंडित की बिटिया अंशिका के जन्मदिन पर चेतना मंच की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।**

**चेतना मंच परिवार**

